'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 134 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 30 जुलाई 2024 samachargate@gmail.com

रोड़ पर गाड़ी धीरे चलाएं, कांवड़िए चल रहे हैं : एसपी

Page 5



## वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 1 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य : नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में वातानुकूलित अग्रसेन भवन का किया शिलान्यास

### मुख्यमंत्री, सांसद नवीन जिंदल व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने की कुल 31 लाख अनुदान राशि देने की घोषणा

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 1 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री रविवार को देर रात कुरुक्षेत्र में अग्रवाल धर्मशाला में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत की तरफ से आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, सांसद श्री नवीन जिंदल, राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत की तरफ से सेक्टर 8 में बनने वाले वातानुकूलित अग्रसेन भवन का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, सांसद व राज्यमंत्री ने कुल 31 लाख रुपए के अनुदान राशि देने की घोषणा की।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत करनाल में एक साथ 20 हजार और कुरुक्षेत्र में 5 हजार पौधे लगाए गए। प्रत्येक नागरिक को एक-एक पौधा लगाना चाहिए और पौधों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मुहिम को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में केंद्र और प्रदेश सरकार ने लोगों की मूलभूत सुविधाओं के लिए कार्य किया। इतना ही नहीं केंद्र और प्रदेश सरकार लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस सरकार ने विकास कार्यों में कभी कमी नहीं आने दी। अभी हाल में ही दिल्ली में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्रियों से देश और प्रदेश के विकास के लिए लंबी चर्चा की है। इस चर्चा के बाद निश्चित ही विकास की गति और तेज होगी।





सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को पूरी दुनिया के लोग जानना और देखना चाहते हैं। इस धर्मस्थली को केंद्र और राज्य सरकार ने पर्यटन के हब के रूप में विकसित करने का काम किया है। कुरुक्षेत्र में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत का अग्रसेन भवन आधुनिक डिजाइन के साथ तैयार किया जाएगा ताकि बाहर से आने वाले पर्यटक और स्थानीय नागरिकों को भवन में उच्चस्तरीय सुविधाएं मिल सकें।

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में स्वागत करते हुए कहा कि यह भवन निश्चित ही समाज के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने थानेसर हल्का के विकास पर पिछले 10 सालों में लगभग 5 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। कार्यक्रम में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्यप्रकाश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात कारणों से खड़ी बस में लगी आग



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह-होडल रोड पर उजीना गांव के समीप शीतल पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी के सामने एक खड़ी बस में अचानक आग लग गई। मामला करीब सुबह 10 बजे का बताया जा रहा है। आपको बता दें की रोजाना की तरह बस शीतल पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को लेकर सोमवार को भी आई थी। जब बस ड्राइवर कर्मचारियों को उतार कर नजदीकी चाय की होटल पर चाय पी रहा था, तभी आस पास खेतों में चारा काटने वाली महिलाओं ने बस में आग लगने का शोर मचाया। तब जाकर आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। परंतु तब तक आग ने बस को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया था। सूचना पाकर चौकी प्रभारी जयसिंहपुर संजीव कुमार और दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आमजन के सहयोग से आग पर पूर्णतया काबू पा लिया। गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय बस में कंपनी के कर्मचारी नहीं थे, वर्ना जान का भारी नुकसान हो सकता था।

## वंदे भारत ट्रेन भारत के तीव्र विकास की है गाथा : सीएम

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में तीव्र गति से विकास हुआ है और वंदे भारत जैसी ट्रेन इसका उदाहरण है। उनका सौभाग्य है कि आज वे वंदे भारत ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से अमृतसर-अजमेर वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर देश कमजोर करने का कार्य किया है, जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत मजबूत हुआ है। कांग्रेस के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के बारे पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहले अपने 10 साल के कार्यकाल का हिसाब दें। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में गरीब व्यक्ति की थानों में एफआईआर तक नहीं दर्ज होती थी। गरीबों को नौकरी नहीं मिलती थी, किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा नहीं मिलता था और फसलों की एमएसपी भी नहीं मिलती थी। आज 14 फसलों की हरियाणा में एमएसपी पर खरीद होती है। गरीब से गरीब व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने पवित्र संविधान पर बड़ा झूठ बोलकर अपमान किया। रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन सुपरिंटेंडेंट डीके सिंह तथा संजीव कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और प्लेटफार्म तक उनकी अगुवाई की। बार-बार दिल्ली में बैठकों के बारे में पूछे जाने वाले प्रश्न के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों से कई योजनाओं पर चर्चाओं के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्री दिल्ली आते रहते हैं। हरियाणा में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव होने हैं और भाजपा तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।



## मोदी सरकार का बजट भारत को तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का काम करेगा : मोहन लाल बड़ौली

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों के विकास का आधार है यह बजट : बड़ौली

### कांग्रेस हमेशा समाज और देश को तोड़ने की बातें करती है : बड़ौली

### कमिशन मोड़ पर काम कर रही है आम आदमी पार्टी की सरकार : बड़ौली



समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट भारत को तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का काम करेगा और विकसित भारत की नींव रखेगा। शिक्षा और स्किल को नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के ढेरों अवसर लेकर आया है। यह बजट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों के विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि गरीबों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम यह बजट करेगा। श्री बड़ौली सोमवार को करनाल में बजट पर पत्रकारों के साथ चर्चा कर रहे थे। यहां उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा गुटों में बंटी कांग्रेस देश और प्रदेश का भला नहीं कर सकती, वहीं आम आदमी पार्टी का मिशन कमिशन है। जबकि भाजपा का मिशन सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करना है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट नए भारत के निर्माण का बजट है। महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट है। 10 वर्षों में देश और प्रदेश में हाइवे, एक्सप्रेस-वे और सड़कों का जाल बिछा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा जनहित में किए गए काम, कार्यकर्ताओं की मेहनत और मतदाताओं के आशीर्वाद से तीसरी बार सरकार बनाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में भर्ती रोको गैंग सक्रिय है। इस गैंग का मकसद रोजगार में रूकावटें पैदा करना है, लेकिन नायब सरकार इस गैंग का भी इलाज कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द हरियाणा में भाजपा सरकार 50 हजार नई भर्ती करके युवाओं को रोजगार देगी। एक सवाल के जवाब में बोलते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा समाज और देश को तोड़ने वाली बातें कही हैं, जबकि भाजपा सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

पत्रकार के सवाल पर श्री बड़ौली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी जनता के सुझाव से संकल्प पत्र तैयार करेगी। जनता क्या चाहती है इसके लिए हमारे कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनका सुझाव लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास मजबूत संगठन है और कार्यकर्ताओं के दम पर हम लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। बजट में हरियाणा की अनदेखी के सवाल पर श्री बड़ौली ने कहा कि बजट एक प्रदेश का नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का होता है। कांग्रेस बजट को लेकर अफवाह फैलाकर लोगों को गुमराह कर रही है। सरकार गरीब आदमी की जरूरतें पूरी कर रही है।

हरियाणा में केजरीवाल की पत्नी द्वारा मोर्चा संभालने के सवाल पर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आम आदमी पार्टी का हरियाणा में कोई अस्तित्व ही नहीं है। "आप" पर तंज कसते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि जेल में रहकर भी अरविंद केजरीवाल का मोह कुर्सी से नहीं छूट रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार कमिशन मोड़ पर चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्गों के लिए काम करने वाली पार्टी है और विधानसभा चुनाव में हरियाणा की जनता स्पष्ट बहुमत देकर नायब सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाकर का इतिहास रचेगी।

## हरियाणा में कांग्रेस बाप-बेटे की जागीर, भाजपा जनता की पार्टी : बिप्लब देब

समाचार गेट/ब्यूरो

**दिल्ली।** हरियाणा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस बाप-बेटे तक सीमित है। कांग्रेस अपने परिवारवाद के कारण कोई चुनावी समीकरण नहीं बना सकती। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और समीकरण बैठाने का काम भाजपा ही कर सकती है। श्री देब ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बननी तय है। बिप्लब देब ने कहा कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव कभी एक जैसे नहीं होते। दोनों चुनावों के समीकरण अलग-अलग होते हैं। हरियाणा में विधानसभा के अनुसार अलग-अलग समीकरण है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी सही ढंग से समीकरण हैंडल करेगी उसी पार्टी की जीत भी निश्चित है और इसमें भाजपा फिट बैठती है। श्री देब ने सोमवार को एक निजी समाचार चैनल से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस का 10 साल का शासन हरियाणा की जनता ने देखा है। हरियाणा में दलितों के जो हालात थे उसको जनता समझती है। कांग्रेस शासन में पंचकूला में महिला ने आग लगाकर मरना पड़ा, कांग्रेस का काला इतिहास लोगों को मालूम है। कांग्रेस शासन में गुंडा राज था, बिजनेसमैन अपना बिजनेस सही ढंग से नहीं कर पाते थे, डंडे के दम पर उनकी दुकानें लूट ली जाती थी।

बिप्लब देब ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा एक ही जिला के मुख्यमंत्री बनकर रहे। 2014 में भाजपा की पहली ऐसी सरकार बनी जिसका मुख्यमंत्री पूरे हरियाणा का बना। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने सभी जिलों के लिए बिना भेदभाव के समान रूप से काम किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी भी पूरे हरियाणा के लिए काम कर रहे हैं।

सरकार की उपलब्धि बताते हुए बिप्लब देब ने कहा कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिली। भाजपा ने पारदर्शी शासन व्यवस्था और नीति प्रदेश के लोगों को दी। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठ बोलते हैं, राहुल गांधी बचपना जैसी बातें करते हैं, 8500 रुपये हर महीना खटाखट देने की बात करते हैं। लोकसभा चुनाव में आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने की अफवाह और भ्रम की स्थिति पैदा कर कांग्रेस ने जनता के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि झूठ के दम पर एक बार चुनाव जीत सकते हैं बार-बार नहीं।



हरियाणा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस के लोग फ्यूचर के प्लान के बारे में कभी नहीं बोलते। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं ऐसा कहीं नहीं लगता। बजट चर्चा पर पूरी दुनिया ने देखा कि राहुल गांधी किस तरह बजट पर चर्चा करने की बजाए इधर-उधर की बातें करते रहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लीडर की एक गरिमा होती है, जो राहुल गांधी में कहीं दिखाई नहीं देती। कांग्रेस तीन चुनाव के बाद भी 240 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। बिप्लब देब ने कहा कि कांग्रेस का जातिगत जनगणना का सपना सिर्फ सपना बनकर ही रहेगा। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि राहुल गांधी बताएं कि वो किस जाति से आते हैं।

बिप्लब कुमार देब ने आम आदमी पार्टी को भी घेरा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की खुद की कोई गारंटी नहीं है। हरियाणा के लोग स्वाभिमानी हैं और उन्हें मुफ्त में कुछ नहीं चाहिए वे मेहनत करना जानते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव की एक कैमिस्ट्री होती है, सोशल समीकरण होते हैं और लीडरशिप होती है और ये तीनों खूबिया भारतीय जनता पार्टी के पास है।

## मुख्यमंत्री ने चंडीढ़ से नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन से किया सफर



समाचार गेट/ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से विकास कर रहा है। अब देश उभरता भारत, मजबूत भारत व तेज गति का भारत बन रहा है। हर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रैक्चर मजबूत किया गया है, ट्रेन नेटवर्क मजबूत होने से कुछ ही घंटों में वंदे भारत ट्रेन से चण्डीढ़ से दिल्ली पहुंच गया हूं। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात चण्डीगढ़ से दिल्ली के ट्रेन के सफर के बाद रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली पर पत्रकारों से बातचीत में कही। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का अभिवादन स्वीकार किया और उनका कुशलक्षेम पूछा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प के साथ काम कर रहे है। देश में आमजन को सुविधाएं तत्परता से मिलें, इसके लिए अनेक नये परकल्प शुरू किए गये हैं। केन्द्रीय बजट पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत काल चल रहा है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इन्फ्रास्टैक्चर मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों, मध्यम वर्ग को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिले इस दिशा में प्रधानमंत्री सतत प्रयास कर रहे हैं और यही कारण है कि आज आम नागरिक इन सुविधाओं का लाभ उठा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस के दस साल के शासनकाल और हमारे दस साल के शासनकाल का आंकलन जनता करेगी। भाजपा ने हरियाणा में विकास को नई गति दी है।

## जुर्माना लगाने से नहीं, योजनाओं के संग बजट देने से होगा वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान : दीपेन्द्र हुड्डा

### दुनिया के 50 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत में, जो बेहद चिंता का विषय : दीपेन्द्र हुड्डा

### सरकार का सारा ध्यान जुर्माना वसूलने पर केंद्रित : दीपेन्द्र हुड्डा

### पर्याप्त बजट आवंटन कर प्रोत्साहन योजनाएं लागू करने से वायु प्रदूषण की समस्या होगी दूर : दीपेन्द्र हुड्डा

### दीपेन्द्र हुड्डा ने लोकसभा में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार से बजट आवंटन और योजनाओं का ब्योरा मांगा



समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने लोकसभा के प्रश्नकाल में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार से बजट आवंटन और योजनाओं का ब्योरा मांगा। उन्होंने कहा कि एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या को दूर करने के लिए योजनाओं के संग पर्याप्त बजट आवंटन करके समस्या का समाधान करने की बजाय सरकार का सारा ध्यान किसानों पर पराली जलाने के नाम पर अर्थदंड लगाने, वाहन चालकों पर अर्थदंड लगाने, पुराने वाहनों पर जुर्माना थोपने, औद्योगिक प्रदूषण पर जुर्माना समेत अन्य तरह से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई पर ज्यादा है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान जुर्माना लगाने से नहीं बजट आवंटन के जरिये प्रोत्साहन वाली योजनाएं लागू करने से होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम शुरु किया है। लेकिन सरकार द्वारा दिए गये जवाब में कहीं भी बजट आवंटन का जिक्र नहीं किया गया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि आईक्यू एयर की इस वर्ष प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 50 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत में हैं, जो बेहद चिंता का विषय है। इस अति-गंभीर समस्या के प्रति केंद्र सरकार गंभीर दिखाई नहीं देती। इस पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सरकार 131 शहरों में वायु गुणवत्ता के सुधार के लिये काम कर रही है। उन्होंने एनसीआर में चल रही कई योजनाओं का जिक्र किया और बताया कि पराली के लिये किसानों को मशीनें दी जा रही है, इंडस्ट्री को सीएनजी पर डायवर्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के तीन तरफ से लगे हरियाणा की बात करें तो यहाँ वायु प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है, अधिकांश जिले गैस चेंबर में बन गए हैं। प्रदेश सरकार आम लोगों की सेहत से जुड़े इस महत्वपूर्ण मसले पर उदासीन रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि जिस तरह एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के तहत सड़कें, रेल, कॉलेज आदि के प्रोजेक्ट मिलते हैं और फंड भी मिलता है। उसी प्रकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी सरकार को पर्याप्त फंड की व्यवस्था के साथ योजनाएं बनानी चाहिए ताकि उनका प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। जब तक ये नहीं होगा, प्रदूषण नियंत्रण धरातल पर आगे नहीं बढ़ेगा। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि अगर हम अपनी अगली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण नहीं दे पाएंगे तो फिर सरकारें किस काम की हैं।

# दयाल फाउंडेशन का त्रिवार्षिक चुनाव हुआ सम्पन्न



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** दयाल पुस्तकालय के प्रांगण में सामाजिक और शैक्षिक संस्था दयाल फाउंडेशन का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ । सर्वप्रथम दयाल फाउंडेशन कार्यकारिणी ने पिछले कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष प्रभुदयाल हंस ने अपनी बात रखते हुए कहा कि दयाल फाउंडेशन की स्थापना हमारे प्रेरणा स्रोत स्व. दयाचंद हलवाई की पुण्य स्मृति में वर्ष 2020 में की गई। इस संस्था का उद्देश्य समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार करना, लोक संस्कृति को बढ़ावा देना, नवयुवकों को स्काउट एंड गाइड्स जैसी संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षित करना, गीत संगीत और साहित्य में रुचि जागृत करना आदि निर्धारित किया गया। संस्था के माध्यम से दयाल पुस्तकालय की नींव रखी गई, जिसमें विद्यार्थी सैकड़ों पुस्तकों का निशुल्क वाचन कर सकते हैं। खंड होडल के सरकारी विद्यालयों के कक्षा दसवीं और बारहवीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। कार्यकारिणी का यह कार्यकाल चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पूर्णतः सफल रहा है। सफलता के लिए हम अपने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हैं। इसके पश्चात कार्यकारिणी ने अपना इस्तीफा प्रस्तुत किया और नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। संस्कृत प्रवक्ता योगेश सोरोत, हिंदी प्रवक्ता विष्णु गौड़, चेयरमैन, एचजीएम ज्ञानचंद सोरोत और संस्कृत शिक्षक अनुज चौहान के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से पुनः प्रभुदयाल हंस को संस्था का प्रधान, मास्टर गोपाल चंदेल, मास्टर सावंत कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष मैमवती, सह कोषाध्यक्ष मास्टर सुंदरलाल, महासचिव राजकुमार, सहसचिव शैलेश कुमार, चेतराम, कानूनी सलाहकार एडवोकेट प्रीतपाल सिंह, विशिष्ट सदस्य मास्टर खेमचंद, ओमवीर सिंह, तरुण मोहनिया, धर्मवीर बघेल को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी के पुनर्गठन के बाद आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह पर विचार विमर्श किया गया। आगामी 18 अगस्त 2024 को प्रतिभा सम्मान समारोह निश्चित किया गया और संबंधित सभी कार्यों की जिम्मेदारी प्रदान करने के बाद सभा विसर्जित की गई। इस अवसर पर ज्ञानचंद सोरोत, नवीन शर्मा, नवीन चौहान, लक्ष्य हंस, शिवम, सिद्धांत आदि उपस्थित रहे।

# युवक का अपहरण कर अंगुली काटने के मामले में क्राइम ब्रांच होडल ने पांचवें आरोपी पर कसा शिकंजा




समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल चंद्र मोहन आईपीएस के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार टीम ने होडल थाना में दर्ज युवक के अपहरण कर अंगुली काटने के मामले में फरार चल रहे पांचवें आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बतलाया कि मामले में होडल निवासी रुपेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 जुलाई को वह भूपेंद्र, रोहित, मनीष के साथ बुलंदशहर के गांव शहदपुरा में दोस्त नितिन के घर पर बैठे हुए थे। उसी समय अचानक 12 से अधिक युवक 4-5 गाड़ियों में सवार होकर अवैध हथियार, लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी लेकर आए व फायरिंग शुरू कर दी तथा उसका अपहरण कर उसके हाथ के पंजे व अंगुली काटकर उसे जान से मारने की धमकी देकर नजदीक हसनपुर चौक होडल फेंक कर फरार हो गए। इस सम्बन्ध में घायल रूपेश की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अवैध हथियारों के बल पर अपहरण करने, अंग भंग करने, धमकी देने की आदि धाराओं के तहत केस दर्ज कर जाँच शुरू की और मामले में पहले ही चार आरोपियों साहिल, कर्मवीर उर्फ कर्मा नितिन एवं सचिन को गिरफ्तार कर उनसे वारदात में प्रयुक्त वेन्यू कार एवं देसी पिस्तौल तथा चार कारतूस बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया। प्रभारी क्राइम ब्रांच होडल ने आगे बतलाया कि स्टॉफ में तैनात एएसआई महानन्द के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने वारदात में शामिल पांचवे आरोपी करमन निवासी बीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है जिसे आज पेश अदालत कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# नागरिकों को सेवा-सुविधा प्रदान करना सरकार का ध्येय : विधायक जगदीश नायर

**करीब साढे तीन करोड़ रुपए की विकास कार्यों का विधायक जगदीश नायर ने किए शिलान्यास**

**नगर परिषद होडल की ओर से विकास कार्यों को जल्द ही पूर्ण करके किया जाएगा जनता को समर्पित**



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** होडल के विधायक जगदीश नायर ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों के शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि यह सभी विकास कार्य नगर परिषद होडल की ओर से लगभग तीन महीने में पूरे करके जनता की सेवा में समर्पित कर दिए जाएंगे इन विकास कार्यों में वार्ड नंबर-14 में 26 लाख 20 हजार रुपए की लागत से दिनेश गोदाम से सैंकी फैक्ट्री तक के रास्ते व ड्रेन, वार्ड नंबर-14 में ही 16 लाख 50 हजार रुपए की लागत से गढी रोड से बच्चू सिंह के मकान तक रास्ते व ड्रेन, वार्ड नंबर-1 में 4 लाख 32 हजार रुपए की लागत से जगदीश पँडित के मकान से मनजीत के मकान तक गली निर्माण के साथ-साथ ड्रेन, वार्ड नंबर-1 में ही 25 लाख 11 हजार रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से तेजवीर और आर्शिवाद बैंक्वट हॉल वाले रास्ते तक गली व ड्रेन, वार्ड नंबर-1 में ही 7 लाख 4 हजार रुपए की लागत से नंदकिशोर मेंबर के मकान से रमेश के मकान तक के रास्त व ड्रेन, वहीं वार्ड नंबर-1 में ही 11 लाख 54 हजार रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से वीर सिंह और लिंक रोड तक की गली व ड्रेन निर्माण, वार्ड नंबर-14 में 24 लाख 5 हजार रुपए की लागत से प्रिया प्रसाद के मकान से गंगा मेंबर के मकान गढी रोड तक सडक व ड्रेन निर्माण, वार्ड नंबर-4 में 6 लाख 32 हजार रुपए की लागत से मुकेश एडवोकेट के मकान से जयकिशोर मास्टर तथा इंदिरा सेठानी के मकान से सतीश जैन के मकान तक के रास्ते और ड्रेन, वार्ड नंबर-5 में 7 लाख 3 हजार रुपए की लागत से गजेंद्र मास्टर के मकान से विजय बिजली वाले तक के रास्ते और ड्रेन, वार्ड नंबर-5 में ही 5 लाख 84 हजार रुपए की लागत से देवेंद्र शर्मा के मकान से हरीशंकर के मकान तक के रास्ते व ड्रेन, वार्ड नंबर-10 में प्रधान वाटिका से फौजी हाउस तक के रास्ते, वार्ड नंबर-11 में लक्खो के मकान से मुकेश मास्टर के मकान रोहतापट्टी तक गली के साथ-साथ ड्रेन निर्माण, रोहतापट्टी में ही सतो पहलवान के मकान से मुकेश मास्टर के मकान तक गली व ड्रेन, वार्ड नंबर-12 में पप्पी डॉक्टर की दुकान से बक्सवापट्टी चौपाल तक गली व ड्रेन, वार्ड नंबर-11 में लच्छे के मकान से महेंद्र के मकान बक्सवापट्टी तक गली के साथ-साथ ड्रेन निर्माण के विकास कार्य शामिल हैं।

विधायक जगदीश नायर ने होडल क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर किए गए शिलान्यास कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का ध्येय है कि लोगों को हर प्रकार की सेवा-सुविधा मुहैया करवाई जाए। किसी भी आमजन मानस को कोई परेशानी न हो। इसी उद्देश्य से सरकार दिन रोज विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का कार्य कर रही है। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने विधायक जगदीश नायर के साथ-साथ उनके साथ पधारे अन्य गणमान्यजन का फूलमालाएं पहनाकर व पगडी बांधकर परंपरागत तरीके से जोरदार स्वागत किया। विधायक जगदीश नायर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में होडल विधानसभा क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी के साथ घूम रहा है। यहां हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। भविष्य में आगे भी विकास कार्य इसी प्रकार करवाए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने होडल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी है। सभी विकास कार्य शीघ्र पूरे कर लिए जाएंगे। इस अवसर पर शीशपाल, उप चेयरमैन विरेंद्र सिंह, जगमोहन गोयल, जवाहर सिंह सौरोत, बलदेव, चंदन सिंह, कुंवर सिंह, राहुल नायर, होडल मंडल अध्यक्ष प्रेमराज, राजकुमार रावत, पार्षद दीपक, भगत सिंह, गोविंदा, कुलदीप, नीरज, जुबीन, पुनित, हुकुम, अरुण सौरोत, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी मनेंद्र सिंह, एसडीओ जयकिशन सोलंकी, कनिष्ठ अभियंता राशिद हुसैन, विष्णु, शाहरूख खान सहित अन्य मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 5 को



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जिले की हथीन विधानसभा क्षेत्र में कॉंग्रेसी नेता बलजीत डागर के नेतृत्व में प्रेसवार्ता का आयोजन किया उन्होंने कहा की पलवल की ब्राह्मण धर्मशाला में 5 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा बतौर मुख्य अतिथि सिरकत करेंगे जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे इस सम्मेलन का संयोजन पूर्व मंत्री करण दलाल के नेतृत्व में किया जायेगा। कांग्रेस नेता बलजीत डागर ने कहा की हम सब कॉंग्रेसी यहाँ एकजुट हुए हैं और हम लोगों के बीच इस सम्मेलन का निमंत्रण देने जायेंगे और इस जिला स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन में हथीन विधानसभा क्षेत्र से भारी तादाद में लोग हिस्सा लेंगे। इस दौरान कांग्रेस नेता बलजीत डागर ने स्थानीय भाजपा विधायक और सरकार पर हथीन की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता महिपाल बंधु, शाजिद अजमत, राजू खोकियाका, बलबीर सिंह भी मौजूद रहे

हथीन से कांग्रेस नेता बलजीत डागर ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की आज इस भाजपा के राज में हर वर्ग दुखी और त्रस्त है। प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और अपराध चरम पर है लेकिन सरकार में बैठे लोगों को जनहित से कोई लेना देना नहीं है चारों तरफ भृस्टाचार का बोलबाला है। इसलिए लोग अब कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं क्योंकि कांग्रेस के दस साल के राज में प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ था जहां युवाओं को रोजगार देने किसानों को फसलों का उचित मूल्य देने बिजली पानी शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुलभुत सुविधा देने का काम कांग्रेस की सरकार की सरकार ने किया। लेकिन भाजपा के राज में अगर बात करें हथीन विधानसभा क्षेत्र की तो यहाँ कोई बड़ी परियोजना यहां का विधायक नहीं ला सका।

वहीं महिपाल बंधु ने कहा की आगे आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी और फिर प्रत्येक चेहरे पर पहली जैसी मुस्कान वापिस लौटेगी अब जनता बस चुनाव का इंतजार कर रही है जैसे ही प्रदेश में चुनाव होंगे जनता वोट की चोट से भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी।

# माहोली गांव में बेटे ने पिता की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर, पूरे परिवार ने किया रक्तदान



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** हसनपुर क्षेत्र के माहोली गांव में एक युवक ने अपने पिता की स्मृति में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज ने जिला रेड क्रॉस सोसायटी पलवल के सहयोग से स्व.गंगा राम चौहान की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवार के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का संयोजन चौहान परिवार के किशन व प्रेम और क्लब की सह संयोजक अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का शुभारम्भ भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य और क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल, सिरदारी देवी, लच्छो देवी ,वैश्य भारती के सम्पादक हितेश जिंदल,डा. कुलदीप सिंह चौहान , स्वच्छ भारत मिशन( ग्रामीण) के हसनपुर ब्लाक के संयोजक सुनील कुमार ,समाजसेवी रविन्द्र ने किया। विकास मित्तल ने सभी रक्तमित्रों का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है,इसलिए राष्ट्र हित मे हम सबको रक्तदान करना चाहिए। सभी लोगों को अपने विशेष दिनों जैसे जन्मदिन, शादी की वर्षगाँठ, आदि पर पर्यावरण को बचाने के लिए एक पौधा जरुर लगाए औए साथ ही रक्तदान कर किसी अन्जान की जान बचाने का प्रयास जरुर करना चाहिए। शिविर संयोजक किशन, प्रेम एवं अल्पना मित्तल ने रक्तमित्रो की प्रशंसा और सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से लोग कुछ हिचकते हैं जो कि गलत है। रक्त दान करना एक उत्तम कार्य है।हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन महिने में रक्तदान करना चाहिए। शिविर में लगभग 30 लोगो ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिसमें से 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में राजेश, पृथ्वी सिंह, कपिल, महावीर, भूपेन्द्र, गुलवीर, हरेन्द्र सिंह, डोरी लाल, अनिता, नेहा, अमीता, देव, वीरवती, तुषार, संजय दिनेश, रवि आदि ने विशेष सहयोग दिया।

# 2022 में अत्याधिक बारिश से खराब फसल के मुआवजे के लिए डीसी से मिले आफताब अहमद

**17 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवज़ा लंबित, कुल 33 करोड़ था मुआवजा**

**कई बार धरना प्रदर्शन, बैठकों और विधानसभा में मुद्दा उठाते नज़र आय आफताब**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** सोमवार को कांग्रेस विधायक दल के उपनेता व नूंह विधायक चौधरी आफ़ताब अहमद ने ज़िला उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा, आईएएस से मिलकर 2022 में भारी वर्षा से रबी की फसल ख़राबे के मुआवज़े को बाँटने की माँग की है। इस दौरान दर्जनों गाँवों के किसान व पीसीसी सदस्य महताब अहमद उनके साथ मौजूद थे। कुल 33 करोड़ रुपये में से अभी लगभग 17 क़रोड़ रुपये का मुआवज़ा बिना बँटे पड़ा है जिसके लिए विधायक फिर ज़िला उपायुक्त से मिले।

बता दें कि नूंह विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने बीते दिनों विधानसभा में मेवात के किसानों को मुआवजा बांटने व जल भराव का मुद्दा मजबूती से उठाया था। सरकार को घेरते हुए प्रदेश व मेवात में 2022 में वर्षा व जल भराव से खराब हुई रबी फसल का मुआवजा किसानों तक नहीं पहुंचने का मुद्दा सदन में प्रभावी तरीक़े से रखा था। उन्होंने उस दौरान जिले के प्रभावित किसानों को मुआवज़ा बाँटने में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात भी कही। सदन में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को आश्वासन देना पड़ा कि जिला उपायुक्तों को जरूरी निर्देश देकर मुआवजे को जल्द बांटना सुनिश्चित किया जाएगा।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कई बार धरना प्रदर्शन कर इस मुद्दे को उठाया था क्योंकि तीन बार अलग अलग वजहों से पैसा वापस भेजा गया और किसानों को वंचित होना पड़ा था।

अब फिर सोमवार को विधायक आफ़ताब अहमद नूँह ज़िला उपायुक्त से मिलकर 17 करोड़ से अधिक के उस लंबित मुआवज़े को बाँटने के लिए मिले। ज़िला उपायुक्त ने भरोसा दिया कि बहुत जल्द मुआवज़ा बंटना शुरू कर दिया जाएगा। विधायक ने सरपंचों पूर्व सरपंचों को भी निर्देश दिये हैं कि इस कार्य में स्थानीय किसानों की मदद व प्रशासन से तालमेल कर जल्द मुआवज़ा बँटवारा पूरा किया जाय।

बता दें कि बीते मार्च पैसा ज़िले में मुआवज़ा आवंटन के लिए आया था लेकिन प्रशासनिक दिक्क़तों के कारण उसे वापस भेजना पड़ा था जिसकी लड़ाई स्थानीय विधायक आफ़ताब अहमद ने विधानसभा में लड़ी और अब वो पूरा पैसा वापस नूँह आ हुआ है और आवंटित होने जा रहा है।

पत्रकारों से बातचीत में विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि 2 सालों में मुआवज़ा नहीं बाँट पाना सरकार की विफलता के साथ साथ मानसिकता को दर्शाता है। कई बैठकों, धरना प्रदर्शनों व विधानसभा में आवाज़ उठाने के बाद अब जाकर ये मुआवज़ा बंटने जा रहा है, समय पर किसान को पैसा नहीं मिलना भी उनके साथ अन्याय ही है।

कभी पटवारियों की हड़ताल की आड़ लेकर, कभी आचार सँहिता का बहाना बनाकर तीन तीन बार पैसा वापस भेजा गया है। इसलिए ग्राम जनप्रतिनिधियों से भी कहकर जल्द आवंटन में मदद के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस बार पूरा पैसा मुआवज़ा आवंटन होगा, आधी अधूरी कार्यशैली बर्दाश्त नहीं होगी।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि इतनी लेट लतीफ़ी से मुआवज़ा बाँटना बीजेपी सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, किसान की आय दुगना करने का जुमला देने वाली सरकार उनका मुआवज़ा तक दो ढाई सालों में देने में विफल रही है।

# बिजली संकट से रोजका मेव उद्योग को भारी नुकसान, उद्योगपति राजस्थान कर रहे पलायन

समाचार गेट/पंकज

**सोहना।** औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे बिजली संकट से उद्योग जगत को हर करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है इस नुकसान के चलते अब उद्योगपति हरियाणा से राजस्थान का प्लान करने पर मजबूर हो रहे हैं उद्योगपतियों का कहना है कि इस समय उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ारहा है। ऐसे में उद्यमी चाहते हैं कि प्रदेश सरकार की ओर से बिजली की आपूर्ति में सुधार कर इस संकट का समाधान कराया जाए। इस समय रोजका मेव औद्योगिक क्षेत्र पूरी तरह से नुकसान की तरफ अग्रसर हो रहा है। कई छोटी औद्योगिक इकाईयों में इस समय काम ठप है। उद्यमियों का कहना है डीजल जेनरेटर चलाकर काम करना अब नुकसानदायक साबित हो रहा है। पिछले लगभग तीन माह से औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली को लेकर लगातार संकट जारी है। उद्योगपतियों ने बताया कि पड़ोस के राज्य राजस्थान में उद्योगों को 24 घंटा बिजली पर्याप्त रूप से मिल रही है लेकिन उसके विपरीत रोजका मेव औद्योगिक क्षेत्र हरियाणा में मात्र 6 से 7 घंटे की ही बिजली मुश्किल से उद्योगपतियों को मिल पा रही है। जिस कारण उन्हें जनरेटर पर निर्भर होना पड़ता है। जनरेटर चलाने पर उनका खर्चा भी बढ़ रहा है। वही काम भी काम हो रहा है जिससे वर्कर भी कंपनियां छोड़ छोड़ कर जा रहे हैं। रोजका मेंव औद्योगिक क्षेत्र संगठन के प्रेसिडेंट रतनपाल खटाना ने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार उद्योगपति मंत्रियों से लेकर एमडी तक मिल चुके हैं लेकिन कोई भी ठोस समाधान नहीं हुआ और बिजली उद्योग के लिए ऑक्सीजन होती है। जिस कारण लगातार उनका धंधाठप हो रहा है यही हाल रहा तो अधिकतर उद्योग यहां से प्लान करके राजस्थान की तरफ चले जायेंगे इस समय सरकार को इन उद्योगों की तरफ देखना बहुत जरूरी है

# समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो निगम कार्यालय पर करेंगे धरना प्रदर्शन : विजय प्रताप

**सैनिक कॉलोनी, नवादा कालोनी, नवादा कोह गाँव व भांकरी गाँव की समस्याओं को लेकर अतिरिक्त निगमायुक्त व चीफ इंजीनियर से मिले कांग्रेस नेता विजय प्रताप**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह बड़खल विधानसभा के अंतर्गत आने वाली सैनिक कॉलोनी,नवादा कोह गाँव व भांकरी गाँव की तमाम समस्याओं को लेकर अतिरिक्त निगमायुक्त व चीफ इंजीनियर से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार हमारे क्षेत्र के लोगों की समस्याओं पर ध्यान नही दे रही। इस आज हम सब इक्कठे होकर सीधे अधिकारियों से मिलने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक कॉलोनी में सिर्फ कुछ सड़कों को ही बनाया गया है जो कि पिछले पाँच साल से बन रही हैं वो भी खुराब गुणवत्ता तथा ऊंची बनाई गई है। जिसके कारण गली की सड़कें नीचे पड़ गई है। जिसकी वजह से बरसात का सारा पानी घरों में घुस रहा है और का भारी नुकसान हो रहा है।

विजय प्रताप ने कहा कि सत्राह नंबर चुंगी से लेकर भांकरी गांव तक सीवर लाइन के नाम पर रोड को दे वर्ष से तोड़ा गया था वहाँ दो दो फुट पानी भरा हुआ है। सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे है। जिसको लेकर लोग आये दिन हादसे के शिकार हो रहे हैं नवादा कालोनी में गंदा पानी भरा रहता है और स्थानीय लोगों को आने जाने में बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पर सरकार व निगम प्रशासन इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नही दे रहा है। इस मौके पर कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के साथ तमाम समस्याओं को लेकर आज हमने अतिरिक्त निगमायुक्त व चीफ इंजीनियर को ज्ञापन दिया है और जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने भी उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर हमारी समस्याओं को जल्द खत्म नही किया गया तो हम निगम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना, अनिल अरोड़ा, सतीश मिगलानी, पूनियाँ, डीडी आहुजा, विजय सिंह भाटी, करमवीर सरपंच, बसिसट मिश्रा, सुनील झा सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विधायक राजेश नागर ने पीड़ित कांवड़ियों के परिजनों का बंधाया ढांढस

**कांवड़ उठाने जा रहे कांवडियों के ट्रक में करंट लगने से एक की हो गई थी मृत्यु, अन्य कई घायल**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने आज तिगांव में पीड़ित कांवडिया परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और शासन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया। यहां कांवड़ के लिए जा रहे एक ट्रक में करंट उतर आने से एक कांवडिये की दुखद मृत्यु हो गई थी व कई अन्य घायल हो गए थे जिनका उपचार चल रहा है।

विधायक नागर ने पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात कर इन अनहोनी में साथ होने की बात कही। उन्होंने परिजनों के आंसु पौंछे और दुख जताया। नागर ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उन्हें दी जाए। वहीं सरकार की ओर से भी उन्हें हर संभव मदद मिलेगी। इसके लिए वह सीएम साहब से भी मुलाकात करेंगे। विधायक ने कहा कि इस घटना में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक लापरवाही होने की आशंका की भी जांच करवाएंगे। यदि कोई दोषी पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बात में पत्रकारों से बातचीत में विधायक राजेश नागर ने बताया कि जीवन अनमोल है और इसकी पूर्ति किसी भी कीमत से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि दो अगस्त को शिवरात्रि के लिए बड़ी संख्या में भक्तगण कांवड़ लेने जा रहे हैं। ऐसे में सभी को हमारी सलाह है बेशक दो दिन का अतिरिक्त समय लें लेकिन जल्दबाजी बिल्कुल न करें। इसके साथ ही सभी शांति सद्भाव के अपनी यात्रा पूरी करें। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में प्रशासन कांवडियों के यात्रा मार्ग के लिए हर संभव सहयोग का प्रयास कर रहा है। फिर भी किसी कोई दिक्कत हो तो उनसे निसंकोच संपर्क कर सकता है।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत हैं: मोहनलाल बडोली

**पृथला विधानसभा की सरदारी मेरी ताकत है : सुखबीर मलेरना**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना ने महाराजा पैलेस पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का आगमन पर फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा ने संबोधित करते हुए समस्त कार्यकर्ताओं के बीच में आवाहन किया कि हमें आने वाले विधानसभा चुनाव में 6 की 6 सीटें जीत कर देनी है। यही हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसका बखूबी पालन करना है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मोहन बडोली ने कहा कि इतनी देर रात तक कार्यकर्ता रुके हुए हैं, यही भाजपा के कार्यकर्ताओं की पहचान है। इतनी भीष्म गर्मी में और रात्रि के 10:00 बजे तक सब समस्त गांव की सरदारी अभी तक भी क्योंकि समस्त कार्यकर्ता बैठे हुए हैं। संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की यही पहचान है की कैसी भी परिस्थिति हो वह अपने स्थान पर अडिग रहते हैं। इतने कम समय में इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मोहनलाल बडोली ने सुखबीर मलेरना की भूरी भूरी प्रशंसा की। अंत में जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना ने समस्त आई हुई सरदारी का आभार व्यक्त किया और सभी का स्वागत अभिनंदन भगवान राम का पटका पहनकर किया।

# फ्रेंड्स सोशल वर्कर एसोसिएशन ने लगाए छायादार व फलदार पौधे



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** फ्रेंड्स सोशल वर्कर एसोसिएशन(रजिस्टर्ड) मार्केट नंबर 5 द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पटेल चौक सेक्टर 21डी और शाँतिघाट में 80 विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष गुलशन सहगल, महासचिव मुकेश मल्होत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवजीवन गोसाई, सचिव प्रदीप मल्होत्रा, संयुक्त सचिव राकेश मेहरा, महेश बजाज सदस्य शाँतिघाट समिति, सुनील महाजन, पवन सब्बरवाल के मार्गदर्शन में एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा किया गया था। इस अवसर पर गुलशन सहगल ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है जो हमे प्रदूषित हो रहे वातावरण से बचाते है। उन्होनें कहा कि इस नेक काम के लिए सभी को आगे आना चाहिए ताकि हमारी भावी पीढ़ी स्वस्थ रह सके। उन्होने कहा कि संस्था पिछले कई वर्षो से इस क्षेत्र को हरा भरा बनाने की मुहिम में लगी हुई है,पार्कों में जो पौधे लगाए गए थे वो आज बड़े होकर प्राकृतिक सुन्दरता बिखेरने के साथ साथ प्रदूषण को कम करने में अपना योगदान दे रहे है। मुकेश मल्होत्रा ने कहा कि आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य बनता है कि वो ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए ताकि तेजी से फैल रहे प्रदूषण रूपी दानव का खात्मा किया जा सके। उन्होनें कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ संस्था इनकी देखभाल का भी बीड़ा उठाती है और उनके सदस्य नियमित रूप से इन पौधो को खाद व पानी देते रहते है। इस मौके पर अशोक गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, रमेश बहादुर, बिल्लू राजपूत एवं शाँतिघाट के स्टाफ सदस्यों ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

# राष्ट्रीय महिला जागृति मंच द्वारा पौधरोपण किया गया



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** सेक्टर तीन स्थित शत्रुघ्न पार्क में राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्मबिका शर्मा जी व एडवोकेट महेंद्र वशिष्ट जी द्वारा एक पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का संयोजन संगठन की सदस्य पुष्पलता सारस्वत जी द्वारा किया गया।

पौधारोपण के लिए सभी पौधों की व्यवस्था रेनू बाला जी द्वारा की गई। कुसुम सिंह जी, नीलम चौधरी जी व सभी बहनों ने पार्क में लगभग 25 पौधे लगाए। रेनू बाला जी ने पार्क में उपस्थित बंधुओं व लिटल फ्लावर स्कूल की अध्यापिकाओं में तुलसी, जामुन, नीम, शमी, नागफनी आदि के पौधे व गिलोय की टहनी बांटी। संगठन की अध्यक्ष अर्मबिका शर्मा ने कहा कि वातावरण में ऑक्सीजन की कमी को बढ़ाना है तो हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने पड़ेंगे। कुसुम सिंह जी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से वातावरण का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इसलिए भी हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। रेनू बाला जी ने पार्क में उपस्थित सभी बंधुओं को गिलोय की टहनी दान में दी। पुष्पलता सरस्वत जी ने अपने लिटल फ्लावर स्कूल में सभी को जलपान कराया।

# प्रवीण चौधरी बने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सचिव



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता फरीदाबाद निवासी प्रवीण चौधरी को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

प्रवीण चौधरी ने अपनी इस नियुक्ति पर अनुसूचित विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन राजेश लिलोठीया,पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेशध्यक्ष चौ. उदयभान, रोहतक से सांसद भाई दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज बाँगड़ी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भाई राहुल राव का आभार व्यक्त किया है। प्रवीण चौधरी ने कहा कि में पूर्ण निष्ठा, लगन और मेहनत के साथ काम करूंगा और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए दिन रात काम करूंगा।

# कॉमन रूम का उद्घाटन और एनईपी व्याख्यान



समाचार गेट/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने छात्रों के लिए एक कॉमन रूम स्थापित किया है, और कैंटीन का नवीनीकरण और उन्नयन किया है। कॉमन रूम का उद्घाटन माननीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, सचिव श्री दिनेश गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत कैंटीन संयोजक, डॉ. प्रियंका सहरावत द्वारा गुलदस्ता भेंट किया गया। सम्पूर्ण कार्य अध्यक्ष महोदय के कुशल मार्गदर्शन एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, कैंटीन संयोजक डॉ. प्रियंका सहरावत, डॉ. ज्योति यादव एवं डॉ. पूजा शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कॉमन रूम छात्रों को समाचार देखकर खाली समय का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और कैंटीन छात्रों को स्वस्थ भोजन प्रदान करेगी।

अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ के एनईपी सेल ने अध्यक्ष (अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा) श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में 29 जुलाई 2024 को प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर एक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नई शैक्षिक नीति की मुख्य विशेषताओं और उद्देश्यों से परिचित कराना था। मल्टीपल एंट्रीज एंड मल्टीपल एग्जिट्स (एम.ई.एम.ई) और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) विषय के तहत कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, एनईपी सेल की संयोजक, डॉ. प्रियंका सहरावत, ने व्याखान दिया इुउन्होंने देश के शिक्षा परिदृश्य को बदलने में एनईपी के महत्व पर प्रकाश डाला। व्याख्यान का उद्देश्य एनईपी 2020 के बारे में छात्रों की समझ को गहरा करना है, जो भारत के शिक्षा परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार है। उन्होंने एनईपी 2020 के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें समग्र शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षाओं में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। उन्होंने छात्रों को एनईपी 2020 के तहत एकाधिक प्रवेश और निकास की अवधारणा के बारे में बताया। उन्होंने प्रमुख, लघु और एमडीसी विषयों और एनईपी 2020 के तहत उन्हें चुनने की पात्रता के बारे में भी जानकारी दी। सत्र में एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर खंड शामिल था, जहां छात्र सक्रिय रूप से जुड़े रहे। वक्ता ने बताया कि एनईपी 2020 उनके शैक्षणिक और करियर पथ को कैसे प्रभावित कर सकता है। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के १०० छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो एनईपी के विभिन्न पहलुओं पर इंटरैक्टिव सत्र और चर्चा में शामिल हुए। छात्रों को नीति द्वारा प्रोत्साहित नवाचार, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों के लिए इस तरह के व्यावहारिक कार्यक्रम के आयोजन में एनईपी सेल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिक समावेशी और प्रगतिशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एनईपी के लक्ष्यों के साथ अपनी शैक्षणिक प्रथाओं को संरेखित करने की कॉलेज की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। डॉ. रेखा सैन और डॉ. प्रिया अरोड़ा (एनईपी सेल के सदस्य) ने पूरे कार्यक्रम का बहुत अच्छे से संचालन किया। कुल मिलाकर, एनईपी संवेदीकरण कार्यक्रम छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा लाए गए परिवर्तनकारी परिवर्तनों की गहरी समझ हासिल करने के लिए एक मूल्यवान मंच साबित हुआ। कार्यक्रम को खूब सराहा गया, छात्रों और शिक्षकों ने प्रदान की गई जानकारी की स्पष्टता और गहराई के लिए सराहना व्यक्त की।

# एनआईटी स्थित वृद्ध आश्रम में बांटी गई दवाइयां व फल



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को एनआईटी स्थित ताऊ देवीलाल वृद्ध आश्रम में दवाइयां एवं फल का वितरण किया गया।

संस्था के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया संस्था की ओर से नियमित तौर पर शहर के विभिन्न वृद्ध आश्रमों में कपड़े, दवाइयां, फल व अन्य जरूरी सामान की यथासंभव सेवा दी जाती है। अभी हाल ही में दो वृद्धाश्रमों में संस्था की ओर से व्हील चेयर प्रदान की गई। ताऊ देवीलाल वृद्ध आश्रम के संचालक किशनलाल बजाज ने संस्था द्वारा नियमित रूप से आश्रम में सेवा देने पर संस्था के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया।

## पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बाईक चालक से एक पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शहर थाना पुलिस ने एक बाईक चालक से एक पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस बारे में सिटी थाना इंचार्ज रवि मेहरा ने बताया कि उन्हें कोटिया गांव की तरफ से एक बाईक सवार द्वारा अवैध रूप से शराब लायी जाने की सूचना मिली थी। जिसे पुख्ता मानकर पुलिस टीम ने कोसली रोड टी-प्वाईंट पर नाकाबंदी कर दी। इस दौरान कोटिया की ओर से आए बाईक चालक को रूकवाकर जांच की तो उसके पास अंग्रेजी शराब की एक पेटी मार्का रॉयल स्टग बरामद हुई। बाईक चालक की पहचान हवासिंह वासी भोजावास,थाना कनीना के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से शराब का लाईसेंस व परमिट मांगा जिसे वह नहीं दिखा सका। पुलिस ने बाईक सहित शराब को अपने कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## बिना बारिश के बढ रही चिपचिपी गर्मी से ग्रामीण हो रहे पसीने से तरबतर

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में मॉनसून की समुचित मात्रा में बारिश नहीं होने के कारण ग्रामीणों को चिपचिपी गर्मी से निजात नहीं मिल रही है वहीं खरीफ की फसल भी मुरझाने लगी है। क्षेत्र के किसान फसल को बचाने के लिए स्प्रिकंलर सिस्टम से सिंचाई करने लगे हैं उसके बावजूद भी राहत नहीं मिल रही है। चंहुओर बारिश कमी अखरने लगी है। खरीफ की फसल सूखने लगी वहीं आमजन भी पसीने से तरबतर है। कनीना विकास खंड में 33 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से 26 हजार हैक्टेयर भूमि पर बाजरे व गवार फसल बिजाई की गई है। कृषि विभाग के एडीओ डॉ. विकास यादव ने बताया कि 6900 हैक्टेर भूमि पर कपास तथा 98 हैक्टेयर रक्बे में मूंग की खेती गई है। जो अभी तक बेहतर हालात में खडी है लेकिन बरसात नहीं होने से उनमें नुकसान की संभावना बन रही है। बारिश को लेकर वृष्टि यज्ञ एवं भंडारे किए जाने लगे हैं। हाल ही में दादा छाजुवीर आश्रम गुढा में भंडारे का आयोजन किया था। अन्य गावों में भी हवन तथा भंडझ्रे किए जाने लगे हैं। बिना बारिश के फसल सूखने को लेकर जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित हैं।

## बीडीपीओ की बदली से विकास कार्यों पर असर पडने की संभावना बनी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अरूण कुमार का झज्जर जिले के माछरोली विकास खंड में स्थानांतरण हो गया। उनकी बदली के बाद कनीना विकास खंड का कार्यभार सिहमा खंड के बीडीपीओ नवदीप को सौंपा गया है। इस संदर्भ में जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा 25 जुलाई को जारी किए गए आदेश के मुताबिक उनकी बदली की गई है। 29 जुलाई को उनकी रवानगी के बाद कनीना में बीडीपीओ नवदीप ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ग्रामीणों का मानना है कि बीडीपीओ अरूण कुमार की बदली के बाद गावों में संचालित विकास कार्यों पर असर पडेगा।

## पिछले 4 दिन में हजारों कांवड पंहुची बाघेश्वर धाम बागोत



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** गंगोत्री, गोमुख एवं हर की पौडी हरिद्वार से बम-बम का उद्घोष करते हुए आने वाले शिवभक्त कावंडियों की संख्या बाघेश्वर धाम बागोत में बढने लगी है। मंदिर के महंत के अनुसार पिछले 4 दिन के अंतराल में शिवभक्तों की ओर से प्राकृतिक शिवलिंग पर हजारों कांवड अर्पित की जा चुकी हैं। ईश्वर मंदिर के प्रवेश द्वार पर बनाए गए तौरण द्वारा लोकापर्ण किया जा चुका है जिससे मेले की सुंदरता और अधिक बढ रही है। जिला प्रशासन की ओस से शिवभक्तों की सुविधा के लिए बिजली,पेयजल सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। भीड को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। जहां ड्यूटी मैजिस्ट्रेट शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नजर रख रहे हैं। अस्थाई पुलिस चौकी के माध्यम से पुलिस कर्मचारी मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। शिवालय के मंहत रोशनपुरी ने बताया कि मंदिर के गर्भ गृह सहित बाहर-भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शिव भक्तों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से आपातकालीन सेवाओं गोताखोर,एंबुलेंस,फायर ब्रिगेड सहित स्वास्थ सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्नान करने वाले श्रधालुओं को अनहोन की आंशका के चलते जलाशय को गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। ग्राम पंचायत की ओर से मेला क्षेत्र में दुकानें अलाट कर दी गई हैं। बुधवार को एकादशी से प्राकृतिक शिवलिंग पर जलाभिषेक करने वाले शिवभक्तों की भीड़ बढने की संभावना है। रोशनपुरी महाराज व महिपाल नम्बरदार ने बताया कि बाघेश्वर धाम में आयोजित विशाल मेले में प्रति वर्ष हरियाणा,दिल्ली,राजस्थान,पंजाब के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्तों द्वारा लाखों की संख्या में कांवड अर्पित की जाती हैं। चेन स्नेचिंग एवं अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल ड्रेस में महिला एवं पुरूष कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मुख्य मेला सावन माह की त्रयोदशी के दिन दो अगस्त को आयोजित होगा लेकिन 31 जुलाई, एकादशी से कांवड मेला परवान चढने लगेगा। कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत में बना प्राचीन शिवालय हरियाणा ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में प्रसिद्ध है। जहां सांसद, केंद्रीय तथा प्रदेश के मंत्री, विधायक, निगम-बोर्ड के चेयरमैन तथा हाईकोर्ट के न्यायधीश के पंहुचने की संभावना है। गांव गुढा निवासी पत्रकार विजय कुमार शर्मा, राजीव सुलतानिया, दलीप सिंह, शिवभक्त विद्यानंद, मोनु, जोनी, सुनील कुमार, सूबेदार मोती कुमार लाटा,मा.विनोद भारद्वाज,पूनम चंद शर्मा, जोनी,मांगेराम, रविमोहन मित्तल शिविर के माध्यम से सेवा में जुटे हुए हैं।

# रोड़ पर गाड़ी धीरे चलाएं, कांवड़िए चल रहे हैं : एसपी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि सावन के महीने में श्रद्धालुओं द्वारा हरिद्वार से कावड़ लाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु नीलकंठ, हरिद्वार से कावड़ लाकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच कर भगवान शिव की आराधना करते हैं। कांवड़ यात्रा के संबंध में जिला पुलिस द्वारा सभी तैयारियां कर ली गई है। कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग निर्धारित करके उन्हें एक सुगम तथा सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रास्तों और शिविरों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग व स्थानीय मार्गो जहां से श्रद्धालुओं का आवागमन होगा उन मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाई गई है। कांवड़ यात्रा के रास्ते में आने वाले सभी शराब के ठेके, पैट्रोल पम्पों की मैपिंग की गई व आस-पास के क्षेत्र में भी गश्त बढ़ाई गई है ताकि यात्रा का ठीक प्रकार से समापन हो सके। ईलाका क्षेत्र में लगने वाले कांवड़ शिविरों व लंगरो वाले स्थानों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस बल नियुक्त किया गया है। सभी थाना प्रबंधक को ईलाका क्षेत्र में रहने वाले आपराधिक किस्म के व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन पर निरन्तर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पैदल महिला कावडिया की सुरक्षा के लिए रास्ते में और कावडिया शिविर में भी विशेष ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालने के लिए और कांवडयिों को कानून का पालन करने के लिए प्रेरित करने के लिए कांवडयिों के भेष में कुछ पुलिसकर्मियों को तैयार रखा गया है। मैसेजिंग ऐप्स की निरंतर और सक्रिय निगरानी के साथ सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। यातायात पुलिस को तैनात करके आदेश दिये गये कि चौंकों व भीड-भाड वाले स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मी ईमानदारी व सजगता से अपना कर्तव्य निर्वहन करें ताकि किसी भी स्थिति में जाम लगने से बचा जा सके।

इसके अतिरिक्त वाहन चालकों को अपील की जा रही है कि वह सुरक्षित वाहन चलाएं। जिससे कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत न आए। वाहनों को धीरे से चलाएं। जिन मार्गो से कांवड़ यात्री गुजर रहे हैं। वहां पर जरूरी न हो तो वाहन न लेकर जाए। यदि कांवड़ यात्रा आ रही है तो उसमें प्राथमिकता कांवड़ियों को दें। सड़क पर किसी भी कट या डायवर्जन पर अपना वाहन धीरे चलाएं, हो सके तो अपने वाहन को कुछ देर के लिए रोक ले। पवित्र कांवड़ यात्रा में सहयोग करें। कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है।

# बिना पेड़ पौधे जीवन संभव नहीं : नरेंद्र गुप्ता

## विधायक ने सैक्टर-15ए में किया पौधारोपण

**समाचार गेट/सुमित गोयल**



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सैक्टर-15ए में स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए। इस मौके पर उनके साथ पृथला के विधायक नयनपालर रावत भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का स्वागत किया।

इस अवसर पर पौधारोपण करने के बाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अगर पेड़-पौधे नहीं होंगे तो, धरती पर न जीवन होगा और न जीव, इसलिए हमें समय रहते अपनी आदतों में सुधार करना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपने आस-पास के क्षेत्र को अधिक से अधिक स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से पर्यावरण में स्वच्छता ही होती है। हमें इससे अनेक प्रकार की औषधि, फल, फल, औषधीय आदि भी प्राप्त होते हैं। इसलिए अपने आस-पास के खाली क्षेत्र, पार्क और अन्य स्थानों पर पेड़-पौधे और पर्यावरण को स्वच्छ रखें।

इस मौके पर अशोक मलिक, बसंतलाल नथानी, अभिषेक नागर, संजीव, राजकुमार माहौर, एचबी सिंह, पवन अग्रवाल, भाजपा अजरौंदा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. भारद्वाज 'अश्क' के काव्य- संग्रह 'मुकुल- माला' का लोकार्पण



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के विख्यात साहित्यकार, कवि एवं शिक्षाविद् डॉ. श्रद्धा निकुंज भारद्वाज 'अश्क' लिखित एवं देश के प्रतिष्ठित प्रभात प्रकाशन, दिल्ली द्वारा प्रकाशित काव्य संग्रह 'मुकुल-माला ,कुछ मुक्तक कुछ शे'र का भव्य लोकार्पण ऐक्लान कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी ,फ़रीदाबाद के भव्य सभागार में रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात प्रकाशन के प्रमुख श्री पवन अग्रवाल और कार्यक्रम अध्यक्ष देश के जाने माने कवि एवं गीतकार और 'काव्य नक्षत्र' के नाम से विख्यात श्री दिनेश रघुवंशी रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विनोद मलिक, संस्थापक अध्यक्ष फ़रीदाबाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्र और श्री वी के शर्मा ,आई.जी.(सेवा निवृत्त) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।काव्य संग्रह की समीक्षा विख्यात ग़ज़लकारा, कवयित्री और लेखिका उर्वशी अग्रवाल 'उर्वी ' और विवेचना प्रसिद्ध ग़ज़लकार श्री प्रमोद शर्मा 'असर' ने की इसके अतिरिक्त इस बेहतरीन काव्य संग्रह के विषय में विचार रखने के लिए साहित्य जगत से अनेक हस्तियां उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री बृज माहिर जी ने किया।कार्यक्रम का आरंभ श्री देवेन्द्र शर्मा 'देव' के सरस्वती वंदना से आरंभ हुआ।पुस्तक लोकार्पण से पूर्व डॉ. भारद्वाज 'अश्क 'ने सभी अतिथियों का संक्षिप्त परिचय के साथ विधिवत सम्मान किया । सम्मान समिति में डॉ. (प्रो. )डॉ. उषा पंडित , श्रीमती सुषमा शर्मा श्री टी.सी.पाराशर ,श्री सी.पी.शर्मा श्री सुभाष पाँचाल सी.ए.एवं डॉ. आनंद मोहन तिवारी मुख्य रहे । जिन वक्ताओं ने काव्य संग्रह पर अपने विचार रखे उन में परवाज़ ग़ज़ल संस्था के अध्यक्ष संस्थापक श्री अजय अज्ञात ,साहित्य संगीत कला सेतु के अध्यक्ष लेखक हुकम सिंह दहिया 'जिज्ञासु ,हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ के प्राचार्य डॉक्टर पशुपति नाथ मिश्र, प्रसिद्ध संस्कृत लेखक प्रो. डॉ .राजकुमार मिश्र और नवोदित कवयित्री कोमल शर्मा रहे ।कार्यक्रम की मेज़बानी और धन्यवाद प्रस्ताव कार्यक्रम की मेज़बान और विश्वभारती शिक्षा केंद्र की सचिव डॉ .(श्रीमती )प्रवीण भारद्वाज ने की। कार्यक्रम की व्यवस्था विश्व भारती शिक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य विष्णु कुमार वशिष्ठ और उच्च भाग के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र मिश्र ने की ।इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं साहित्य से जुड़ी अनेक हस्तियां मौजूद थीं ।निश्चय ही यह एक गरिमामय और शानदार कार्यक्रम रहा।

# पेरिस ओलंपिक में भारत की मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया: रेनू भाटिया

**समाचार गेट/ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि गत रविवार 28 जुलाई को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत की मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। वह इस स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी सफलता से पूरे देश में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया है।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने सोमवार को एनआईटी स्थित सरकारी विद्यालय में भारतीय ओलंपिक खिलाड़ी मनु भाकर की पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक की जीत की ख़ुशी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर छात्राओं और अध्यापकों को संबोधित किया तथा उपस्थित छात्राओं एवं अध्यापकों मिठाई भी बाँटी।

उन्होंने कहा कि मैं अपनी और सभी देशवासियों की ओर से मनु भाकर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ। हम पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे हमारे देश के अन्य खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे अपने शानदार प्रदर्शन से इन खेलों में देश का मान बढ़ाएंगे।

## कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारीलाल को ज्ञापन सौंपा



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीआईटीएस कर्मचारियों को पक्का करने और उनके सेवा नियम बनाने की मांग को लेकर हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ जिला रेवाड़ी की हड़ताल आज 15वे दिन भी जारी रही। यह हड़ताल प्रदेश स्तर पर लगातार जारी है। सोमवार को रेवाड़ी धरना स्थल से सभी डीआईटीएस कर्मचारी एकत्रित होकर पूरे संख्या बल के साथ बावल विधायक एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल को ज्ञापन देने उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान डीआईटीएस कर्मचारियों ने छोटूराम चौक से जलूस निकलते हुए अपनी मांगो की पूरा करवाने के लिए नारेबाजी करते हुए मंत्री के आवास पहुंचे और अपनी मांगो को पूरा करवाने हेतु मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान दयाशंकर और उपप्रधान अजय कुमार ने बताया कि वे अपनी मांगो को लेकर 15 जुलाई से हड़ताल पर है लेकिन अभी तक सरकार उनकी मांगो को पूरा करने की दिशा में आगे नहीं बढ़ रही है। डीआईटीएस कर्मचारी 15 से 20 साल तक अपनी सेवाएं सरकार को देते आ रहे है, ऐसे में सभी कर्मचारी नियमित होने और सेवा नियम पाने के पात्र बनते है। यदि सरकार उनकी मांगो को पूरा नहीं करती है तो उनकी हड़ताल और धरना जारी रहेगा। मंत्री जी ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि आपकी सभी मांगो से सीएम साहब को अवगत करवाएंगे और उन्हें पूरा करवाने हेतु पैरवी भी करेंगे।

## एडवोकेट निशांत यादव बने रेवाड़ी किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी किक बॉक्सिंग संघ के सदस्यों की बैठक रविवार को सेक्टर चार में आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव को सर्व सम्मति से संघ का अध्यक्ष चुन लिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष का संघ पदाधिकारियों ने अभिनंदन किया। रेवाड़ी किक बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर चंद्रशेखर व महासचिव संदीप यादव तथा राजकुमार चावरिया ने नवनियुक्त अध्यक्ष निशांत यादव का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। बैठक में एकता यादव को संघ का कोषाध्यक्ष तथा कर्म कुमार को पीआरओ की जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव ने कहा कि किक बॉक्सिंग संघ को आगे बढ़ाने तथा इस खेल से जुड़े खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग व मदद प्रदान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। किक बॉक्सिंग खेल को रेवाड़ी जिले में विशेष पहचान दिलाए जाने तथा युवा खिलाड़ियों का इस ओर रुझान पैदा करने की दिशा में भी बड़े स्तर पर कदम उठाएं जाएंगे। उन्होंने मैनेजमेंट व संघ सदस्यों से भी सुझाव मांगे ताकि इस खेल को नई पहचान दिलाई जा सके।

## रेवाड़ी पुलिस ने चोर गिरोह का किया पर्दाफाश



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी गौरव राजपुरोहित के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए अपराध शाखा- II धारूहेड़ा पुलिस ने जिले में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा इस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी। जांचकर्ता ने बताया कि गांव गांव बव्वा निवासी अशोक कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था की उसने बव्वा गांव के बस स्टेंड पर मेडिकल स्टोर की दुकान कर रखी है। दिनांक 09/10 जुलाई की रात को कोई अनजान व्यक्ति उसकी दुकान का शटर तोड़ कर कास्मेटिक, दवाईया व अन्य सामान चोरी करके ले गया है तथा इसी रात गांव के बस स्टेंड पर एक और मेडिकल स्टोर का भी शटर तोड़कर दवाईया व अन्य सामान चोरी करके ले गए है। जिस पर पुलिस ने थाना कोसली में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। इस मामले में अपराध शाखा- II धारूहेड़ा पुलिस ने शनिवार को मामले में चार आरोपी जिला नूंह के गांव फिरोजपुर नमक निवासी फरीद उर्फ दिनू व मुनफैद और गांव गवारका निवासी साकिर व सहजाद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियो से जिला रेवाड़ी के अलग अलग थाना क्षेत्र से लगभग 41 चोरी की वारदात करने बारे खुलासा हुआ है। इसके अलावा आरोपियों द्वारा 02 चोरी की वारदातें जिला गुरुग्राम, 01 जिला झज्जर, 01 जिला चरखी दादरी व 02 जिला महेंद्रगढ़ इलाके में करने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से उपरोक्त मुकदमो में चोरी किये गए सामान की बरामदगी के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं।

# अल्ट्राटेक सीमेंट चेन्नई की इंडिया सीमेंट्स में 33 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी

## - यह डील इंडिया सीमेंट्स के 390 रुपये प्रति शेयर पर होगा

**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी बिल्डिंग मटीरियल कंपनी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने इंडिया सीमेंट्स में हिस्सेदारी खरीदने के लिए एन श्रीनिवासन और उनके परिवार के साथ 3,954 करोड़ रुपये की एक डील की है। 65 अरब डॉलर के आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट चेन्नई की कंपनी इंडिया सीमेंट्स में लगभग 33 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। यह डील इंडिया सीमेंट्स 390 रुपये प्रति शेयर पर होगा। यह जून में अल्ट्राटेक द्वारा खरीदी गई 23 फीसदी हिस्सेदारी से अलग है। अल्ट्राटेक इसके साथ ही इंडिया सीमेंट्स के पब्लिक शेयरहोल्डर्स से अतिरिक्त 26 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक खुली पेशकश लाएगी। इस तरह अल्ट्राटेक का कुल निवेश 7,100 करोड़ रुपये हो जाएगा। अगर इस डील को रेगुलेटर्स से हरी झंडी मिलती है तो इससे अल्ट्राटेक को दक्षिण भारत के बाजार में अपनी पैठ जमाने का मौका मिलेगा। खासकर तमिलनाडु में उसकी सीमित उपस्थिति है। तमिलनाडु में अल्ट्राटेक ने अगस्त 1998 में अपनी आखिरी यूनिट का अधिग्रहण किया था लेकिन राज्य में चूना पत्थर की कमी के कारण उसने राज्य में नई यूनिट्स लगाने से परहेज किया है। अल्ट्राटेक तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में फैली इंडिया सीमेंट्स की 14.5 मिलियन टन क्षमता को अपनी मौजूदा 153 मिलियन टन क्षमता में जोड़ेगी और कंपनी के 1,855 कर्मचारियों को काम पर रखेगी। तमिलनाडु में अल्ट्राटेक की एकमात्र इंटिग्रेटेड यूनिट की क्षमता 1.4 मिलियन टन है, जबकि राज्य में इंडिया सीमेंट्स की क्षमता 6 मिलियन टन है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के प्रेजिडेंट कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि इंडिया सीमेंट्स उनके लिए एक रोमांचक मौका है क्योंकि इससे अल्ट्राटेक की दक्षिणी बाजार में उपस्थिति मजबूत होगी। साथ ही यह 200 मिलियन टन से अधिक क्षमता हासिल करने की हमारी मुहिम में तेजी आएगी।

# हनीवेल ने एयर इंडिया के साथ दीर्घकालिक रखरखाव समझौता किया

**मुंबई।**

वैश्विक कंपनी हनीवेल ने टाटा समूह की एयर इंडिया के साथ एयरलाइन के मौजूदा तथा नए विमान बेड़े के लिए सहायक बिजली इकाइयों (एपीयू) के रखरखाव के लिए दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा कि एपीयू से एयरलाइन को अनियोजित रखरखाव लागत तथा डाउनटाइम (निष्क्रिय समय) को कम करने में मदद मिलेगी। इसके बदले उच्च विमान आपूर्ति और बेड़े की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। हनीवेल के अनुसार एयर इंडिया के पास अभी 300 से अधिक विमान हैं। उसके पुराने बेड़े में 100 से अधिक एयरबस ए320 तथा 15 बोइंग बी777 विमान शामिल हैं। नए बेड़े में 190 बी737-8 विमान हैं।

हनीवेल इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि हम एयर इंडिया के साथ अपने सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। उसके बेड़े के




आधुनिकीकरण प्रयासों में मदद कर रहे हैं, जो कि एयरलाइन के नवाचार तथा विकास उद्देश्यों को समर्थन देने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि यह समझौता हमारी वैश्विक वृद्धि तथा बदलाव योजनाओं का हिस्सा है, जिसका मकसद हनीवेल की उन्नत प्रौद्योगिकी सेवाओं के माध्यम से ज्यादातर बेड़े की उपलब्धता के साथ अधिक कुशल, विश्वसनीय संचालन प्राप्त करना है।

# टाटा की कर्व एसयूवी होगी 7 अगस्त को लान्च

**नई दिल्ली।**




भारतीय बाजार में स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी कर्व एसयूवी को 7 अगस्त को लान्च करने जा रही है। कर्व एसयूवी 3 ऐसे फीचर्स के साथ आएगी, जो अभी तक किसी और सी-सेगमेंट एसयूवी में नहीं मिल रहे हैं। इनमें से पहला फीचर फ्लश डोर हैंडल है। इसके अलावा कार में दूसरा फीचर पावर्ड टेलगेट है जो टाटा सफारी में भी मिलता है। कार में मिलने वाला तीसरा फीचर फुल मैप व्यू है। टाटा कर्व पहली सी-सेगमेंट एसयूवी होगी जिसमें फ्लश डोर हैंडल जैसा फीचर दिया जाएगा। आपको बता दें कि फिलहाल यह फीचर डी-सेगमेंट की महिंद्रा एसयूवी 700 में उपलब्ध है। इसके किफायती वैरिएंट में मैनुअल फ्लश डोर हैंडल मिलते हैं, जबकि ऊंचे वैरिएंट में ऑटोमैटिक एक्सटेंडिंग हैंडल मिलते हैं। संभावना है कि टाटा कर्व के ऊंचे वैरिएंट में फ्लश फिटिंग डिजाइन के साथ ऑटोमैटिक डोर हैंडल दिए जाएंगे। इसके अलावा ऊंचे वैरिएंट में टच-आधारित स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल फीचर भी मिलेगा जो सेगमेंट फर्स्ट होगा। टाटा कर्व में मिलने वाला अगला उपयोगी फीचर इलेक्ट्रिक टेलगेट है। टाटा सफारी से लिया गया यह फीचर कार चलाने वालों के लिए ड्राइविंग एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाएगा। लॉन्च के समय, कर्व अपने सेगमेंट में सबसे सस्ती और एकमात्र एसयूवी होगी जो यह फीचर प्रदान करेगी।

कंपनी अपनी आगामी एसयूवी में 10.25-इंच का बड़ा डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दे रही है। यह डिस्प्ले कंपनी अपनी नेक्सन एसयूवी में भी दे रही है, जो आमतौर पर लग्जरी कारों में देखने को मिलती है। एंड्रॉइड ऑटो/एप्पल कारप्ले का उपयोग करने वाले ग्राहक नेविगेशन के लिए गूगल मैप्स/एप्पल मैप्स को मिरर कर सकते हैं।उम्मीद है कि टाटा मोटर्स इस फीचर को केवल ऊंचे मॉडलों में ही पेश करेगी। टाटा कर्व में मिलने वाला इंफोटेनमेंट सिस्टम भी शानदार होगा।

# ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ 2 अगस्त को खुलेगा

## - ओला इलेक्ट्रिक का इश्यू के जरिये करीब 74 करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।**




ओला इलेक्ट्रिक देश में ई-स्कूटर बाजार में सबसे बड़ी कंपनी में से एक है। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ सब्सक्राइब करने के लिए दो अगस्त को खुलेगा। ओला का इश्यू के जरिये करीब 74 करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य है। ओला इलेक्ट्रिक का लगभग 74 करोड़ डॉलर का आईपीओ किसी भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता की तरफ से लॉन्च किया जा रहा पहला पब्लिक इश्यू है। एक अखबार में कंपनी के विज्ञापन के अनुसार आईपीओ के प्राइस बैंड 72-76 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ में बोली लगाने वाले एलिजिबल कर्मचारियों के लिए प्रति शेयर 7 रुपये की छूट दी जायेगी। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ सब्सक्राइब करने के लिए 2 अगस्त को खुलेगा और यह बोली लगाने के लिए 6 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी अपने आईपीओ नए शेयर और 8.49 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। कंपनी की पिछली पेशकश के मुकाबले ओएफएस का आकार 9.52 करोड़ शेयरों से घटाया गया है। अग्रवाल इसमें अपने 3.79 करोड़ शेयरों की पेशकश कर रहे हैं, यह कंपनी के डीआरएचपी में बताए गए 4.74 करोड़ के मुकाबले कम है। अग्रवाल के बाद, सॉफ्टबैंक विजन फंड्स-2 इस आईपीओ में सबसे ज्यादा 2.38 करोड़ शेयरों की पेशकश कर रही है। कंपनी ने अपने डीआरएचपी में कहा है कि वह आईपीओ से मिलने वाली राशि में 1600 करोड़ रुपये रिसर्च एवं डेवेलपमेंट ) पर, 1227.6 करोड़ रुपये अपनी निर्माण इकाई के विस्तार पर खर्च करेगी। कंपनी पूरी तरह या आंशिक रूप से कर्ज चुकाने के लिए भी 800 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल करेगी। ईवी कंपनी का आईपीओ 9 अगस्त को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट किया जा सकता है। इसके साथ ही आईपीओ लाने वाली यह पहली भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी बन जाएगी।

# भारत को 30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने की जरूरत: नीति आयोग

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। नीति आयोग ने विजन फार विकसित भारत एट द रेट 2047: एन एप्रोच पेपर नाम का पेपर रिलीज किया। इस पेपर में आयोग ने कहा कि भारत को 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 18,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय करने की आवश्यकता है। इसके अलावा भारत को मिडल-इनकम ट्रैप से भी निकलने की जरूरत है। नीति आयोग के दस्तावेज के अनुसार प्रति व्यक्ति आय के साथ जीडीपी ग्रोथ पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर विकसित भारत बनाना है तो जीडीपी को आज के 3.36 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से नौ गुना बढ़ाना होगा। वहीं प्रति व्यक्ति आय को आज के 2,392 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से 8 गुना बढ़ाना होगा। दस्तावेज के अनुसार मिड-इनकम से हाई-इनकम लेवल तक पहुंचने के लिए 20-30 वर्षों तक 7-10 प्रतिशत की सीमा में निरंतर वृद्धि की आवश्यकता है। इस मामले में बहुत कम देश ही कामयाब हुए हैं। विकसित भारत एक ऐसा भारत है जिसकी सामाजिक, सांस्कृतिक, तकनीकी और संस्थागत विशेषताएं इसे एक समृद्ध विरासत के साथ एक विकसित राष्ट्र के रूप में चिह्नित करेंगी। विकसित भारत




बनने के लिए देश को विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स में क्षमताओं को उन्नत करना और ग्रामीण और शहरी आय के बीच अंतर को कम करने जैसे संरचनात्मक चुनौतियों से निपटने की जरूरत है।

## जेनसोल को गुजरात में सौर संयंत्र परियोजना का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग को गुजरात के खावड़ा आरई पावर पार्क में सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए 463 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी के अनुसार जेनसोल इंजीनियरिंग को गुजरात के कच्छ के रण में खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रुपये के सौर संयंत्र की इंजीनियरिंग, डिजाइन, खरीद, स्थापना, परीक्षण तथा उसे चालू करने का ठेका मिला है। जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की सोलर ईपीसी (इंडिया) की एक अधिकारी ने कहा कि यह ठेका जेनसोल की परियोजना प्रबंधन क्षमताओं और निष्पादन विशेषज्ञता के नेतृत्व में विश्वास दर्शाता है। हम वर्तमान में करीब एक गीगावाट की कुल क्षमता वाले कई प्रमुख ग्राहकों के लिए सौर परियोजनाओं का निष्पादन कर रहे हैं। जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की स्थापना 2012 में की गई। यह नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, जो सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, खरीद तथा निर्माण (ईपीसी) सेवाओं के साथ-साथ इलेक्ट्रिक परिवहन समाधानों में विशेषज्ञता रखती है।



## पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 81.27 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.01 डॉलर फिसलकर 77.17 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## कोलगेट को 248.74 करोड़ का मिला टैक्स नोटिस

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने ट्रांसफर- प्राइसिंग से जुड़े मामले में कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड को 248.74 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस भेजा है। इस नोटिस को लेकर कंपनी ने कहा कि वह अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष चुनौती देगी। कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड (सीपीआईएल) ओरल केयर और पर्सनल केयर पर काम करती है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उन्हें यह नोटिस 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए है। कंपनी को आकलन वर्ष 2020-21 के लिए 248,74,78,511 रुपये की मांग वाला डिमांड अकाउंटिंग आदेश प्राप्त हुआ है। इसमें 79.63 करोड़ रुपये की ब्याज राशि भी शामिल है। इस डिमांड नोटिस को चुनौती देने के लिए कंपनी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील करेगी। कंपनी ने साफ किया कि इस आदेश का असर कंपनी के वित्तीय संचालन या किसी अन्य गतिविधियों पर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने पूर्व मूल्यांकन वर्षों में अस्वीकृतियों के अनुरूप मानक अस्वीकृतियां के खिलाफ पहले ही अपील दायर कर दिया है।

## सिपल एनर्जी ने निवेशकों से जुटाए दो करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन स्टार्टअप सिंपल एनर्जी ने सीरीज ए फंडिंग दौर में दो करोड़ अमरीकी डॉलर जुटाए हैं। सीरीज ए फंडिंग एक स्टार्टअप द्वारा पूंजी जुटाने की प्रक्रिया के चरणों में से एक है। कंपनी ने कहा कि इस वित्त पोषण चक्र में मौजूदा और नए निवेशकों ने हिस्सा लिया। सिंपल एनर्जी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बेंगलुरू में हमारे शुरुआती ग्राहक आधार से मिली महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया वास्तव में उल्लेखनीय है। हम अपने सभी निवेशकों का हमारे ब्रांड विश्वास दिखाने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। सिंपल एनर्जी अभी दो इलेक्ट्रिक वाहन सिंपल वन और सिंपल डॉट वन बेचती है।

## बंधन बैंक के शेयर 13 फीसदी से अधिक उछले

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक के शेयर में सोमवार को 13 प्रतिशत से अधिक तेजी आई। कंपनी के अप्रैल-जून तिमाही में मुनाफा में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने की जानकारी देने के बाद उसके शेयर में तेजी आई। बीएसई पर शेयर 11.97 प्रतिशत बढ़कर 215.50 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 13.35 प्रतिशत चढ़कर 218.20 रुपये पर रहा। बंधन बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी का अप्रैल-जून तिमाही का मुनाफा सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 1,063 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन अवधि में कुल आय बढ़कर 6,063 करोड़ रुपये हो गई।

## सोने की कीमत 68,400 रुपए, चांदी 81,750 के करीब

**नई दिल्ली।**



सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 68,400 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,750 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने व चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स)पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 240 रुपये की तेजी के साथ 68,426 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 222 रुपये की तेजी के साथ 68,408 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 340 रुपये की तेजी के साथ 81,711 रुपये पर खुला। इस समय यह 379 रुपये की तेजी के साथ 81,750 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,38.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,381 डॉलर प्रति औंस था। जो इस समय 11.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,392.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 28.06 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 28.02 था। इस समय यह 0.12 डॉलर की तेजी के साथ 28.14 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबार दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार में मुनाफावसूली हावी रहने से नीचे आया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही 81,908 और 24,999 के शीर्ष स्तर पर पहुंचने के बाद नीचे खिसक गये। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 23 अंक की मामूली तेजी के साथ 81,355 और निफ्टी 1.25 की बढ़त के साथ 24,836 पर बंद हुआ। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में लार्जकैप के मुकाबले बढ़त रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 593 अंक करीब 1.03 फीसदी ऊपर आकर 58,362 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 189 अंक तकरीबन एक फीसदी बढ़कर 19,043 पर बंद हुआ।

आज वाहन , पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि आईटी, फिन सर्विस और फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, रिलायंस, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, मारुति सुजुकी और बजाज



फाइनेंस सबसे अधिक लाभ वाले शेयर जबकि टाइटन, भारती एयरटेल, आईटीसी, टेक महिंद्रा और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नीचे आये। आज कारोबार के दौरान उच्च स्तरों पर होने वाली मुनाफा वसूली हावी रही। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से बाजार खुलते ही रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते बेंचमार्क निफ्टी-50 और सेंसेक्स आज सुबह शुरुआत में उच्च स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 416.62 अंक बढ़कर 81,749.34 के नए सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर निफ्टी 50 145.6 अंक बढ़कर 24,980.45 के स्तर पर पहुंच गया।

# पिछले दो साल में हीरे की कीमत में लगातार आ रही गिरावट

## - प्राकृतिक हीरे में भी 25 से 30 फीसदी की गिरावट देखी गई

**नई दिल्ली।**

पिछले दो साल के डेटा के आधार पर देखा जाए तो इन दो सालों में लैब में बने हीरे की कीमत में भारी गिरावट आई है। जुलाई 2022 में हीरे की कीमत 300 डॉलर (करीब 35 हजार रुपये) प्रति कैरेट थी जो इस महीने गिरकर 78 डॉलर (करीब 6529 रुपये) प्रति कैरेट पर आ गई है। वहीं प्राकृतिक हीरे की कीमत में भी 25 से 30 फीसदी की गिरावट देखी गई है। हीरा कारोबारियों का कहना है कि पिछले दो साल में हीरे में कीमत में लगातार गिरावट आ रही है। वहीं सोने की कीमतों में वृद्धि, अमेरिकी अर्थव्यवस्था और अन्य पश्चिमी देशों में मंदी और चीनी खरीद पैटर्न में अचानक आए बदलाव से भी मदद नहीं मिली है। हीरा कारोबारियों ने कहा है कि सूरत में काम करने वाले 38 हजार श्रमिकों से लेकर छोटे और मध्यम व्यवसायों और बड़े उद्यमों तक सभी को नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में अब हीरे की अधिक आपूर्ति है। प्राकृतिक हीरों की कीमतों में गिरावट के बारे में कहा जा रहा है कि छोटे और सस्ते गुणवत्ता वाले दोषपूर्ण हीरे अपनी चमक खो चुके हैं। इन्हें लैब में बने दोषरहित पत्थरों (हीरों) से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। उच्च स्तर पर वैश्विक बाजार से मांग धीमी है। हीरा कारोबारी कहते हैं कि एक समय चीन दोषरहित खनन किए गए पत्थरों का बड़ा खरीदार हुआ करता था। अब इसने भी इन हीरों से मुंह मोड़ लिया है और इसमें दिलचस्पी दिखानी बंद कर दी है। चीन अब पहले के मुकाबले मात्र 10 से 15 फीसदी ही हीरे खरीद रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के गवर्निंग बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोने का स्टॉक रखने



वाले व्यापारियों को अल्पावधि में नुकसान होगा। इन व्यापारियों ने ऊंची कीमत में इसे खरीदा था और अब सस्ते में बेचना होगा। जीजेईपीसी के एक अधिकारी ने कहा कि रत्न और आभूषण उद्योग में 50 लाख लोग काम करते हैं। इनमें से काफी सीमांत वर्गों से आते हैं। बीकेसी में भारत डायमंड बोर्स में 50,000 लोग और एसईईपीजेड में एक लाख लोग काम करते हैं। यह इतना श्रम-गहन क्षेत्र है कि सरकार जो कुछ भी करेगी, उसका असर लाखों श्रमिकों पर पड़ेगा।

## जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को 192 मेगावाट हाइब्रिड बिजली परियोजना मिली

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की शाखा जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को गुजरात ऊर्जा विकास निगम से 192 मेगावाट की हाइब्रिड बिजली परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी के अनुसार जेएसडब्ल्यू एनर्जी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) से 192 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी हाइब्रिड बिजली परियोजना स्थापित करने का ठेका मिला है। इसमें ग्रीनशू विकल्प के तहत अतिरिक्त 96 मेगावाट भी शामिल है। बयान के अनुसार इस ठेके के साथ ही कंपनी की कुल लॉक-इन उत्पादन क्षमता बढ़कर 16.2 गीगावाट हो गई है, जिसमें 2.1 गीगावाट की कुल लॉक-इन हाइब्रिड क्षमता भी शामिल है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने 2050 तक कार्बन तटस्थता हासिल करने का लक्ष्य रखा है।





# साउथ स्टार प्रणिता सुभाष दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चाओं में

साउथ सुपर स्टार एक्ट्रेस प्रणिता सुभाष अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चाओं में है। एक्ट्रेस प्रणिता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना बेबी बंप फोटोशूट शेयर किया। जिसमें वह ब्लैक टॉप और ब्लू कलर की जींस में नजर आ रही हैं। बेबी बंप की वजह से जींस में फिट नहीं हो पा रही हैं।

अपनी फोटोज को शेयर करते हुए प्रणिता ने कैप्शन में लिखा, राउंड 2... पैंट अब फिट नहीं होती। राउंड टू यानि वो दूसरी बार गर्भवती हैं। फोटो और कैप्शन को देख फैंस उन्हें दूसरी बार मां बनने को लेकर बधाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने 30 मई 2021 को बिजनेसमैन नितिन राजू से शादी की। उनकी एक बेटी है, जिनका नाम उन्होंने अरना रखा है। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो प्रणिता ने मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। 2010 में कन्नड़ फिल्म पोरकी से एक्टिंग में डेब्यू किया। उन्होंने तेलुगू फिल्म बावा में भी काम किया। कन्नड़ और तेलुगू इंडस्ट्री में काम करने के बाद एक्ट्रेस ने तमिल फिल्मों में भी किस्मत आजमाई और फिल्म उधायन को साइन किया, लेकिन लोकप्रियता उन्हें फिल्म सगुनी से मिली। इसके बाद उन्होंने कई फिल्में की, जिसमें जरासंधा, भीमाथेरादल्ली और अत्तारितिकी दारेदी जैसी फिल्म शामिल हैं।

उन्होंने तमिल सुपरस्टार सूर्या की फिल्म मास में भी काम किया। वहीं तेलुगू सुपरस्टार महेश बाबू के साथ ब्रह्मोत्सवम में नजर आई। प्रणिता ने बॉलीवुड में भी कदम रखा और हंगामा 2, भुज जैसी बड़ी फिल्मों में एक्टिंग के जौहर दिखाए। बता दें प्रणिता अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, इसके अलावा वह गंभीर मुद्दों पर भी अपनी राय खुलकर रखने से पीछे नहीं हटती।



# मैं जाह्नवी और खुशी जितनी यंग नहीं दिखती: सोनम कपूर

बालीवुड एक्टर अनिल कपूर की लाडली बिटिया सोनम कपूर भले ही बॉलीवुड में अपना दम नहीं दिखा पाई, लेकिन अक्सर वो किसी न किसी वजह को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में एक्टर ने एक इंटरव्यू में कम उम्र की हीरोइन के रोल मिलने पर बात की और बताया कि यह उन्हें काफी अजीब लगा। एक इंटरव्यू में सोनम कपूर ने अपनी उम्र को चुनौती देने वाले किरदार मिलने के बारे में कहा कि ऐसे रोल ऑफर होना जो 20-21 साल की लड़की के लिए बने हैं खुश करने वाला होता है, लेकिन उन्हें अजीब लगता है। हालांकि, उन्हें इस बात की खुशी है कि लोग अभी भी उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं बढ़ी है। सोनम ने कहा, हालांकि ये अजीब है क्योंकि मुझे जो किरदार मिल रहे हैं वे अभी भी 20 साल के करीब वाले हैं। मुझे हाल ही में एक लड़की की भूमिका की पेशकश की गई, जिससे उसके माता-पिता शादी करवाना चाहते हैं। मैंने बस यही सोचा, क्या आप सच में मुझे ये फिल्म ऑफर करना चाहते हैं? उन्होंने आगे कहा, इसका कोई मतलब नहीं है। एक और रोल ऑफर हुआ, जो स्कूल में पढ़ने वाली एक लड़की की थी, जो एक खिलाड़ी बन जाती है। मुझे लगा कि ये रोल किसी यंग एक्ट्रेस और मेरे बीच बटी होगी, लेकिन वे मुझे दोनों के लिए चाहते थे! उन्होंने कहा, हम इसे मैनेज कर लेंगे। मैंने कहा, मैं ऐसे काम नहीं कर सकती, क्योंकि अब वो डी-एज्ड दिखा सकते हैं। मैं उम्र कम नहीं करना चाहती! क्या आप मेरी उम्र कम करने की कल्पना कर सकते हैं इस दौरान उन्होंने कजिन जान्हवी और खुशी कपूर का उदाहरण देते हुए कहा, मेरा मतलब है, जाहिर है कि मैं जान्हवी या खुशी जितनी यंग नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए बहुत खुश हूं कि लोग मुझे एक ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है। भले ही मेरा एक बच्चा हो। मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मेरा बच्चा दुनिया के सामने नहीं आया है? और मैं इसे ऐसे ही रखना चाहती हूं। बता दें कि सोनम कपूर ने फिल्म सावरिया से एक्टिंग में डेब्यू किया था।



# डॉक्यूमेंट्री फिल्म राजामौली के जीवन पर डालती है प्रकाश

नेटफ्लिक्स की आगामी डॉक्यूमेंट्री मॉडर्न मास्टर्स-एस.एस. राजामौली फिल्म निर्देशक राजामौली के जीवन पर प्रकाश डालती है, एक पारिवारिक व्यक्ति का खुलासा करती है जो अपने काम में सांत्वना पाता है और वैश्विक दर्शकों के लिए कल्पनाओं, मिथकों और किंवदंतियों के साथ तेलुगु सिनेमा की विरासत को आगे बढ़ाता है। स्कूली कहानी सुनाने के सत्र से लेकर अपने पिता के उद्योग संघर्षों पर काबू पाने तक, जिसमें अर्धांगनी की विफलता भी शामिल थी, राजामौली के दृढ़ संकल्प ने उन्हें हैदराबाद तक खींच लिया, हाथ में कैमरा, उद्योग को संभालने के लिए तैयार, जो हैदराबाद से हॉलीवुड तक उनकी उल्लेखनीय वृद्धि की शुरुआत थी। राजामौली को बड़ा ब्रेक तब मिला जब महान निर्देशक राघवेंद्र राव ने उन्हें अपना पहला बड़ा प्रोजेक्ट सौंपा, जिससे उनके करियर को नई ऊंचाई मिली। अपने स्वाभाविक नेतृत्व और रचनात्मक स्वभाव से राजामौली ने पहले ही दिन अपने निर्माता को प्रभावित कर लिया। इसके बाद उन्होंने टेलीविजन में अपना दबदबा बनाया, 500 से अधिक एपिसोड का निर्देशन किया और माध्यम की बाधाओं के भीतर लगातार नवाचार करते हुए, अपनी भविष्य की फिल्म जीत के लिए मंच तैयार किया। राजामौली की पहली फिल्म सिम्हाद्रि ने एक रचनात्मक क्रांति की लौ जलाई। उन्होंने साहसपूर्वक एक तमिल लोक गीत को एक लड़ाई के दृश्य के साथ मिला दिया और एक नई मिसाल कायम की। हालाँकि, मगधीरा उनकी उम्र का असली पड़ाव था, जहाँ उन्हें एहसास हुआ कि उनकी निर्देशकीय दृष्टि पूरी तरह से आकार ले चुकी है। इस जबरदस्त हिट ने उनकी फिल्म निर्माण क्षमताओं में उनके विश्वास को मजबूत कर दिया। राजामौली की अगली बड़ी हिट, ईगा (मक्खी), बदला लेने के लिए पुनर्जन्म लेने वाली घरेलू मक्खी की एक अभूतपूर्व कहानी थी, जो उनकी दिशा और नए दृष्टिकोण के लिए नए लोगों (फिल्म छात्रों) के साथ काम करने की इच्छा को प्रदर्शित करती थी। उनका सबसे साहसी कदम बाहुबली श्रृंखला थी, जो भारी बजट और व्यक्तिगत बलिदान के साथ एक उच्च-जोखिम, उच्च-इनाम वाला महाकाव्य था, जिसने शुरुआती निराशाजनक स्वागत के बावजूद भुगतान किया, अपार लोकप्रियता हासिल की और एक दूरदर्शी फिल्म निर्माता के रूप में राजामौली की प्रतिष्ठा को मजबूत किया, इसके लिए कुछ हद तक करण को धन्यवाद अखिल भारतीय दर्शकों के सामने फिल्म को पेश करने में जौहर का समर्थन, अंततः भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की श्रेणी में शामिल हो गया।

फिर भी यह राजामौली की महान कृति, आरआरआर थी, जिसने सीमाओं को पार किया, वैश्विक दर्शकों को लुभाया और 28वें क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड्स, 80वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स से लेकर 95वें अकादमी अवार्ड्स (ऑस्कर) तक प्रशंसा अर्जित की। इस फिल्म ने दक्षिण भारतीय सिनेमा की असाधारण क्षमता और राजामौली की अद्वितीय कहानी कहने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसने उन्हें सिनेमा के प्रति उनके सच्चे जुनून के साथ दुनिया भर में एक अग्रणी, प्रेरक फिल्म निर्माता के रूप में स्थापित किया। अपने परिवार के छोटे सपनों से लेकर अपनी सिनेमाई उत्कृष्ट कृतियों की भव्य दृष्टि तक, एस.एस. राजामौली की यात्रा समर्पण, नवीनता और अपनी पहचान के प्रति सच्चे रहने की शक्ति का एक प्रमाण है।

# फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला: अक्षय कुमार



हाल ही में बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की लगभग सभी फिल्में जैसे सेल्फी, बड़े मियाँ छोटे मियाँ, सरफिरा और अन्य फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई हैं। अभिनेता ने इसकी तुलना अपने करियर के पिछले बुरे दौर से की जब उन्होंने लगातार 16 फिल्में फ्लॉप देखी थीं। अक्षय ने कहा, हर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून, पसीना और जुनून होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला होता है। लेकिन आपको सकारात्मक पहलू देखना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता का मूल्य सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है। सौभाग्य से, मैंने अपने करियर में पहले ही इससे निपटना सीख लिया था। बेशक, यह आपको दुख पहुंचाता है और प्रभावित करता है, लेकिन इससे फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी। यह ऐसा कुछ नहीं है जो आपके नियंत्रण में हो, आपके नियंत्रण में है कि आप कड़ी मेहनत करें, सुधार करें और अपनी अगली फिल्म के लिए अपना सब कुछ दे दें। इसी तरह मैं अपनी ऊर्जा को चैनल करता हू और अगली फिल्म पर आगे बढ़ने की कोशिश करता हू, अपनी ऊर्जा को उस जगह केंद्रित करता हू जहां यह सबसे ज्यादा मायने रखती है। हाल ही में कई असफलताओं के बावजूद, अक्षय अपने खेल के शीर्ष पर बने हुए हैं। इस बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, मेरी सबसे बड़ी ताकत मेरा अनुशासन और काम करने का तरीका है। मैं वाकई एक टाइम-टेबल पर काम करता हूँ। मैं एक खास समय पर सोता, खाता और काम करता हूँ, और एक खास संख्या में घंटों तक शूटिंग करता हूँ। मैंने सालों से इसका पालन किया है। मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहना भी इंडस्ट्री में मेरे लंबे समय तक टिके रहने में अहम भूमिका निभाता है। मेरी प्रेरणा मेरे काम के प्रति सच्चे प्यार और ऐसी फ़िल्में बनाना है, जिस पर बहुत से लोगों की आजीविका निर्भर करती है। साथ ही, मेरे प्रशंसकों का समर्थन और प्यार इस यात्रा में मेरे जुनून और प्रतिबद्धता को बढ़ाता है। अक्षय ने बताया कि कोविड-19 के बाद सिनेमाघरों में दर्शकों की संख्या में किस तरह कमी आई है। महामारी ने निस्संदेह फिल्म उद्योग की गतिशीलता को बदल दिया है। दर्शक सिनेमा देखने के बारे में अधिक चयनात्मक हो गए हैं, इसलिए ऐसे प्रोजेक्ट चुनना महत्वपूर्ण हो गया है जो पूरी तरह से मनोरंजक और अनूठा हो। मैं कंटेंट के बारे में अधिक सजग हो गया हू, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह वर्तमान समय के साथ प्रतिध्वनित हो और ऐसा अनुभव प्रदान करे जो थिएटर की यात्रा को सही ठहराए। यह ऐसी कहानियों को खोजने के बारे में है जो न केवल मनोरंजन करती हैं बल्कि दर्शकों से गहराई से जुड़ती भी हैं। बता दें कि हाल ही में अक्षय कुमार ने हिट फिल्मों की तुलना में ज्यादा असफलताएँ देखी हैं। अभिनेता इस बात से परेशान नहीं हैं। उनका मानना है कि किसी फिल्म का भाग्य तय करना उनके हाथ में नहीं है। हालाँकि, वह अपनी अगली फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से नियंत्रण में हैं।



# सामंथा रूथ प्रभु के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे अली फजल

बालीवुड एक्टर अली फजल ने मशहूर साउट स्टार सामंथा रुथ प्रभु संग स्क्रीन शेयर किया। वह जल्द ही वेब सीरीज रक्त ब्रह्मांड में नजर आने वाले हैं। यह सीरीज एक पीरियड फैंटेसी थ्रिलर ड्रामा है और इसे राही अनिल बर्वे के साथ राज और डीके डायरेक्ट करेंगे।

सूत्रों की माने तो, यह प्रोजेक्ट राज और डीके का एक अद्भुत विजन है, फैंटेसी ड्रामा जोनर में उनके काम को नई ऊंचाई देगा। कास्ट फाइनल हो चुकी है और अगले हफ्ते से इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। अली अगस्त तक सीरीज की शूटिंग करेंगे और साथ ही अपने अन्य प्रोजेक्ट्स के छोटे शेड्यूल भी पूरे करेंगे। शो के विजन के चलते अली सीरीज का हिस्सा बनने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प हिस्सा है, ऐसा कुछ जो उन्होंने किरदार के नजरिए से और शैली के लिहाज से पहले कभी नहीं किया है। सीरीज में 6 एपिसोड होंगे। इस सीरीज की शूटिंग अगले हफ्ते मुंबई में शुरू होने की उम्मीद है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और वामिका गब्बी भी लीड रोल में हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अली फजल के पास अनुराग बसु की मेट्रोइन दिनों है।

इसमें सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर, पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा और फातिमा सना शेख लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा, एक्टर के पास आमिर खान द्वारा निर्मित लाहौर 1947 भी है। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और सनी देओल मुख्य भूमिकाओं में हैं। बता दें कि एक्टर अली फजल अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को काफी एन्जॉय कर रहे हैं, एक तरफ जहां वह स्ट्रीमिंग शो मिर्जापुर के तीसरे सीजन की सफलता को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, तो वहीं बेटी के जन्म के बाद पेरेंटिंग का लुत्फ उठा रहे हैं।

# बॉयफ्रेंड रॉकी के साथ मिरर सेल्फी शेयर की हीना ने

ब्रेस्ट कैंसर से जंग लड रही एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ मिरर सेल्फी शेयर की। फोटो में कपल एक फैशन आउटलेट के अंदर नजर आ रहे है। दोनों ने ब्लैक कलर की टीशर्ट पहनी हुई है। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, आप बेस्ट हैं। अल्लाह आपको हमेशा खुश रखे। मेरी ताकत। इससे पहले, रॉकी ने भी हिना के लिए इंस्टा पोस्ट शेयर किया था। 14 जुलाई को किए पोस्ट में रॉकी ने हिना की दो तस्वीरें शेयर की और प्यार भरे नोट में लिखा, जब तुम मुस्कुराती हो तो रोशनी तेज हो जाती है। खुश होती हो, तो जिंदगी समझ आती है। जब साथ होती हो, तो मैं ज्यादा जीता हू। तुम्हारे साथ से ज्यादा कुछ मायने नहीं रखता। रॉकी पेशे से एक राइटर हैं और फिल्म निर्माण की दुनिया में किस्मत अजमा रहे है। उन्होंने हिना खान के साथ हीरो फिल्म्स के नाम से अपनी प्रोडक्शन कंपनी की स्थापना की है। हिना खान ने साल 2009 में ये रिश्ता क्या कहलाता है से छोटे पर्दे पर डेब्यू किया था। इसमें उन्होंने अक्षरा का किरदार निभाया, जो घर-घर में काफी पसंद किया गया। उन्होंने हैक्ड, स्मार्टफोन, लाइन्स, विशलिस्ट और अनलॉक जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा, डैमेज्ड 2, खतरों के खिलाड़ी सीजन 8, बिग बॉस 11, कसौटी जिंदगी की और नागिन 5 का हिस्सा भी रहीं। मालूम हो कि एक्ट्रेस हिना खान बेस्ट कैंसर की तीसरी स्टेज पर हैं। इस बीमारी के खिलाफ जंग में फैमिली से लेकर फैंस तक उनके साथ खड़े हैं। उनके बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल भी। दोनों 2014 से डेटिंग कर रहे हैं।



# बॉक्स ऑफिस पर रोजाना करोड़ों कमा रही है बैड न्यूज

ालीवुड की फिल्म फिल्म बैड न्यूज अपने रिलीज के बाद ही हर दिन बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों कमा रही है। बैड ्यूज को पर्दे पर आए 6 दिन हो गए हैं और फिल्म ने इस ौरान करीब 40 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। ्माई के मामले में बैड न्यूज ने मिस्टर एंड मिसेज माही ो भी मात दे दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन ड न्यूज ने 8.3 करोड़ रुपए से खाता खोला था। दूसरे ्न फिल्म ने 10.25 करोड़ और तीसरे दिन 11.15 ्रोड़ रुपए कमाए थे। चौथे दिन बैड न्यूज ने 3.5 करोड़ ्पए की कमाई की और पांचवें दिन 3.75 करोड़ रुपए ा बिजनेस किया था। वहीं अब बैड न्यूज के छठे दिन के ुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। विक्की कौशल की ामांस-कॉमेडी फिल्म बैड न्यूज ने छठे दिन बॉक्स ऑफिस पर अब तक 1.85 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है। इसी के साथ भारत में विक्की कौशल की फिल्म ने कुल 38.8 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। विक्की-तृप्ति की फिल्म ने इस कमाई के साथ राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को भी मात दे दी है। मिस्टर एंड मिसेज माही एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है जो इसी साल 31 मई को रिलीज हुई थी। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 35.55 करोड़ रुपए कमाए थे, जबकि बैड न्यूज ने सिर्फ 6 दिन में 38.8 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। बता दें कि विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की फिल्म बैड न्यूज 19 जुलाई को पर्दे पर रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले दिन शानदार ओपनिंग की थी।

